चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 87, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 26 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया, 'मेड इन इंडिया' समाधान दे रही केन्द्र सरकारः मोदी**

## वाटर मेट्रो राष्ट्र को समर्पित

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केन्द्र सरकार आधुनिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधाएं प्रदान करते समय स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल मेड इन इंडिया समाधान देने पर काम कर रही है। इसी तर्ज पर सेमी हाई स्पीड ट्रेन, रो रो फेरी, रोपवे जैसी ट्रांसपोर्ट सुविधाएं जरूरत के हिसाब से तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री ने तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन पर तिरुवनंतपुरम और कासरगोड के बीच केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रेलगाड़ी 11 जिलों - तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोट्टायम, एनार्कुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, पठानमथिट्टा, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड स्थानों को कवर करेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 3200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्पादों के लिए लोकल फॉर वोकल होने पर ही दुनिया भारत के लिए वोकल होगी।

हमारे उत्पाद विश्व तक पहुंचेंगे तभी भारत के विकास की राह मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज सरकार देश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को पूरी तरह से कायाकल्प कर रही है। भारतीय रेलवे का अपने स्वर्णिम युग की तरफ बढ़ रहा है। कोच्चि वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट को मेड इन इंडिया का एक उदाहरण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे कोच्चि के इर्द-गीर्द अनेक द्वीपों में रहने वाले लोगों को सस्ता और आधुनिक ट्रांसपोर्ट मिलेगा। इससे कोच्चि में ट्रैफिक समस्या कम होगी और बैक वाटर पर्यटन को भी नया आकर्षण मिलेगा। केरल में यह प्रयोग अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बनेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बताया कि इस की मन की बात देश निर्माण में योगदान देने वाले देशवासियों और श्रेष्ठ भारत के भावना को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि मन की बात का 100वां एपिसोड रविवार को प्रसारित किया जाएगा।




### केरल साक्षरता, कड़ी मेहनत और बुद्धि से भरी भूमि है : मोदी

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरमः प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को कहा कि केरल साक्षरता के साथ-साथ कड़ी मेहनत, क्षमता और बुद्धि से भरी भूमि है। केरल का विकास होगा, तो भारत का विकास अधिक तेज होगा। हम इसी सेवा भावना के साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी केरल के तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन पर तिरुवनंतपुरम और कासरगोड के बीच केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सहकारी संघवाद पर बल देती है। राज्यों के विकास को देश के विकास का सूत्र मानती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती हुई शक्ति, इसकी ताकत का लाभ विदेश में रहने वाले प्रवासियों को भी मिल रहा है। बीते 09 वर्षों से भारत में कनेक्टिविटी के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व गति से और अभूतपूर्व पैमाने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम देश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक सेक्टर का पूरी तरह से कायाकल्प कर रहे हैं और हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की तरफ बढ़ रहे हैं।

### आज विश्व का भारत पर विश्वास बढ़ रहा: मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आज विश्व का भारत पर विश्वास बढ़ रहा है और इसके पीछे पांच प्रमुख कारण हैं। इसमें निर्णायक सरकार, केंद्र सरकार की ओर से ढांचागत परियोजनाओं में अप्रत्याशित निवेश, जनसांख्यिकी का लाभ प्राप्त करने के लिए युवाओं के कौशल विकास में निवेश और इज ऑफ लिविंग और इज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सहयोगी संघवाद पर बल देती है और राज्यों के विकास को देश के विकास का सूत्र मानती है। केरल के विकास से ही देश का विकास और तेज होगा। इस सेवा भावना के साथ केन्द्र सरकार काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कोच्चि वाटर मेट्रो को राष्ट्र को समर्पित किया। कोच्चि शहर के साथ निर्बाध संपर्क के लिए बैटरी चालित इलेक्ट्रिक हाइब्रिड नौकाओं के माध्यम से कोच्चि के आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ने वाली यह अपनी तरह की अनूठी परियोजना है। डिंडीगुल-पलानी-पलक्कड़ खंड का रेल विद्युतीकरण किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसे भी देश को समर्पित किया।

आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न रेल परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने तिरुवनंतपुरम, कोझिकोड, वर्कला, शिवगिरी रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और निमोन व कोचुवेली सहित तिरुवनंतपुरम क्षेत्र के व्यापक विकास और तिरुवनंतपुरम-शोरानूर खंड की सेक्शनल गति में वृद्धि की परियोजनाओं की आधारशिला रखी । प्रधानमंत्री ने तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी।

## उप्र बोर्ड : हाईस्कूल में 179 और इंटर में 253 छात्र टॉप-10 में शामिल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (उ.प्र. बोर्ड) द्वारा मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल में सीतापुर की प्रियांशी सोनी ने 98.33 प्रतिशत (590/600) अंक पाकर और इंटर में महोबा के शुभ क्षप्रा ने 97.80 प्रतिशत (489/500) अंक पाकर टॉप किया है। जबकि हाईस्कूल में कुल 179 छात्र और इंटर में 253 छात्र टॉप-10 में शामिल हैं। परीक्षा परिणाम के अनुसार हाईस्कूल में द्वितीय स्थान पर 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ दो छात्र, 97.67 प्रतिशत के साथ



तीन छात्र तृतीय, 97.50 प्रतिशत के पांच छात्र चतुर्थ, 97.33 प्रतिशत के सात छात्र पंचम, 97.17 प्रतिशत के 14 छात्र छठे, 97 प्रतिशत के साथ 23 छात्र सातवें, 96.83 प्रतिशत के साथ 18 छात्र आठवें, 96.67 प्रतिशत के साथ 50 छात्र नौवें तथा 96.50 प्रतिशत के साथ 56 छात्र दसवें स्थान पर शामिल हैं।

### सीएम योगी को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कानपुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले को पुलिस ने कुछ ही घंटे के भीतर ही कानपुर से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त ने अपनी प्रेमिका के पिता को फंसाने के लिए यह योजना बनायी थी।

अपर पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा संतोष कुमार ने बताया कि यूपी डॉयल 112 को व्हाट्सएप के जरिए मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी मंगलवार की सुबह दी गई है। इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरू की गई ।

## सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई ने दायर की चार्जशीट




**नई दिल्लीः दिल्ली** की नई आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में सीबीआई ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री के खिलाफ चार्जशीट (आरोप पत्र) दायर की है। चार्जशीट में सिसोदिया को आरोपी बनाया गया है। एजेंसी राउज एवेन्यू की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई द्वारा इस मामले में दायर की गई यह दूसरी चार्जशीट है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने चार्जशीट के संज्ञान के बिंदुओं पर बहस के लिए 12 मई की तारीख तय की है। चार्जशीट में मनीष सिसोदिया के अलावा अमनदीप सिंह ढल, अर्जुन पांडे, बूची बाबू का भी नाम है। चार्जशीट में आईपीसी की धारा 120बी, 201 और 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7ए, 8 और 13 के तहत आरोपियों के नाम हैं।

**हाई कोर्ट में सिसोदिया की जमानत का सीबीआई ने किया विरोधः** आबकारी नीति घोटाला मामले में 20 अप्रैल को दिल्ली पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए सीबीआई ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि सिसोदिया गंभीर आर्थिक अपराध में शामिल हैं और अपराध के तौर-तरीकों को उजागर करने में महत्वपूर्ण हैं।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा के समक्ष दाखिल लिखित संक्षिप्त जवाब में सीबीआई ने कहा कि जांच की प्रगति को विफल करने के लिए कानून की पेचीदगियों का दुरुपयोग करने का यह प्रयास है।

**सिसोदिया षडयंत्र के सरगना हैंः** सीबीआई ने कहा कि सिसोदिया षड्यंत्र के सरगना हैं और उनका प्रभाव और दबदबा है। ऐसे में जमानत पाने वाले सह-आरोपितों से उनकी तुलना नहीं की जा सकती है। वहीं दूसरी तरफ सिसोदिया की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने कहा कि सीबीआई के पास आबकारी नीति मामले में सिसोदिया की संलिप्तता दिखाने के लिए कोई सुबूत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल को हिरासत में रखने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

## बंगाल: नाबालिग लड़की की मौत के मामले में उग्र प्रदर्शन

**कोलकाताः बंगाल** के उत्तर दिनाजपुर में मंगलवार को नाबालिग लड़की की मौत के मामले को लेकर लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया, जिसे रोकने के लिए पुलिस ने लोगों पर आंसू गैस के गोले दागे। बता दें कि कलियागंज में लोगों ने इस मामले में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग को लेकर यहां विरोध प्रदर्शन किया। देखते ही देखते विरोध हिंसक हो गया और प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बल पर पथराव किया। वहीं, लोगों ने पुलिस बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश की और संपत्तियों व वाहनों में आग लगा दी। साथ ही लोगों ने पुलिस स्टेशन में भी आग लगाने की कोशिश की।

**पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोलेः** इसके बाद, पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इलाके में इस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

**पिछले सप्ताह हुई थी बच्ची की मौतः** बता दें कि उत्तर दिनाजपुर जिले में पिछले सप्ताह किशोरी की मौत के विरोध में कई दिनों से प्रदर्शन जारी है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को बच्ची का शव नहर में तैरता हुआ मिला था।

## राज्य में खत्म किया मुस्लिम आरक्षणः शाह

**कर्नाटकः** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर कर्नाटक के दौरे पर हैं। कर्नाटक के एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो कर्नाटक का विकास रिवर्स गियर में चला जाएगा। कर्नाटक के बागलकोट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ डबल इंजन की सरकार भाजपा की है तो दूसरी तरफ रिवर्स गियर सरकार है। कांग्रेस की सरकार बनी ना तो कर्नाटक का विकास रिवर्स गियर में पड़ने वाला है। ये पीढ़ी परिवर्तन का



चुनाव है और हम मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'यहां धर्म के आधार पर 4% मुस्लिम आरक्षण था। भाजपा की सरकार ने वोट बैंक की लालच में पड़े बिना, इस मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर दिया है। हम मानते हैं कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए। मुस्लिम आरक्षण समाप्त करने के बाद हमने रउ, रळ, दिव्यांग और लिंगायत सब के आरक्षण में बढ़ोतरी करने का काम किया है।'

**यह चुनाव नए कर्नाटक का चुनावः** गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा, 'ये चुनाव कर्नाटक को मोदी जी के हाथ में देने का चुनाव है। कर्नाटक को एक संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का चुनाव है। ये चुनाव राजनीतिक स्थिरता और नए कर्नाटक का चुनाव है, जो भाजपा लेकर आ सकती है।' उन्होंने आगे कहा, 'मोदी जी ने 9 साल से कर्नाटक को केंद्र से ढ़ेर सारे पैसे और योजना भेजने का काम किया है। अगर कांग्रेस गलती से भी आ गई ।

## असद और शूटर गुलाम एनकाउंटर की जांच शुरू

**झांसीः** माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और उसके शूटर गुलाम के एनकाउंटर मामले की जांच करने के लिए गठित आयोग की टीम, एसटीएफ और पुलिस मंगलवार को बड़ा गांव पहुंची। टीम ने घटनास्थल का क्राइम सीन दोहराते हुए एक-एक बिंदु पर जांच की है। प्रयागराज में हुए उमेश पाल और दो गनर की हत्या के मामले में पांच-पांच लाख रुपये के इनामी बदमाश माफिया अतीक के बेटे असद और उसके शूटर गुलाम को एनकाउंटर में एसटीएफ ने 13 अप्रैल को मार गिराया था। इसको लेकर विपक्षी दलों ने सरकार पर हमला बोलते हुए तमाम सवाल



खड़े किए थे। इस पर शासन पूरे मामले की जांच के लिए आयोग की टीम गठित की थी। इसमें हाईकोर्ट के अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा और अवकाश प्राप्त डीजीपी वीके गुप्ता को शामिल किया गया था। मंगलवार को टीम जांच के लिए पहुंची है। उनके साथ एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम भी मौजूद है, जिसने क्राइम सीन रिक्रिएशन कर साक्ष्यों को एकत्र किया है।

## पहली बार 10 महिला अधिकारी सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल होंगी

**पांच महिला अधिकारियों का पहला बैच 29 अप्रैल को संभालेगा जिम्मेदारी**

**नई दिल्लीः** भारतीय सेना पहली बार 10 महिला अधिकारियों को आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल करेगी। चेन्नई के ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) के 5 अधिकारियों का पहला समूह 29 अप्रैल को शामिल किया जायेगा, जबकि शेष 5 को इस साल के अंत में नियुक्ति दी जाएगी। इस साल सेना में शामिल होने वाले प्रत्येक बैच की 10 प्रतिशत से अधिक महिला अधिकारियों को आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल किया जाएगा। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने इस साल जनवरी में महिला सैन्य अधिकारियों के लिए अपनी आर्टिलरी रेजिमेंट खोलने का फैसला लिया था। इसके बाद में सरकार ने भी पिछले महीने सेना के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। सेना की लड़ाकू इकाइयों में आर्टिलरी रेजिमेंट के रूप में नामित विभिन्न कैलिबर, मोर्टार, रॉकेट सिस्टम, मिसाइल, रिमोट से संचालित विमान, हथियार का पता लगाने वाले राडार, मध्यम श्रेणी के युद्धक्षेत्र निगरानी राडार, लंबी दूरी की निगरानी प्रणाली की बंदूकें शामिल हैं। सेना में इन्फैंट्री के बाद यह सबसे बड़ी शाखाओं में से एक है। ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, चेन्नई से हर साल लगभग 40 महिला अधिकारियों को सेना में कमीशन मिलता है। इस साल की पासिंग आउट परेड इस महीने चेन्नई में आयोजित की जाएगी और आर्टिलरी रेजिमेंट में पहली बार शामिल होने वाली महिला अधिकारी इसी बैच से होंगी। महिलाओं और पुरुषों का यह बैच किसी भी आर्टिलरी फील्ड रेजिमेंट या मीडियम रेजिमेंट पोस्ट कमीशनिंग में कुछ महीनों के लिए प्रशिक्षण लेगा। यहां के बाद सभी युवा अधिकारियों के पाठ्यक्रम से गुजरेंगे, जहां उन्हें गनरी पर विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि छह महीने से कम समय तक आर्टिलरी रेजिमेंट के लिहाज से प्रशिक्षण दिया जायेगा।

महिला आर्टिलरी अधिकारियों के लिए कोई अलग पाठ्यक्रम नहीं होगा और वे अपने पुरुष समकक्षों के समान पाठ्यक्रम से गुजरेंगी। यह ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें चीन और पाकिस्तान की सीमा सहित अन्य इकाइयों में तैनात किया जाएगा। यह भी संभावना है कि यूनिट में तैनात होने के बाद उन्हें गन पोजीशन ऑफिसर के रूप में तैनात किया जाए। अधिकारी ने समझाया कि प्रत्येक रेजिमेंट में एक बंदूक अधिकारी होता है, जो बंदूकों को निर्दिष्ट स्थान पर तैनात करने, फायरिंग करने और जरूरत पड़ने पर बंदूकों को एक अलग स्थान पर ले जाने के लिए जिम्मेदार होता है। इसके बाद उन्हें ऑब्जर्वेशन पोस्ट ऑफिसर के रूप में तैनात किया जा सकता है, जहां वे फ्रंटलाइन पर होते हैं। यहां बैटरी कमांडर, बैटरी या रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर और सैनिकों के कमांडरों के रूप में तैनाती की जा सकती है। सेना में 1,705 महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने अब तक आर्मी एजुकेशन कॉर्प्स के अलावा आर्मी एयर डिफेंस, सिग्नल्स, इंजीनियर्स, आर्मी एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स और इंटेलिजेंस कॉर्प्स में काम कर रही हैं, लेकिन यह पहला मौका है जब महिलाओं को आर्टिलरी रेजिमेंट में तैनात किया जा रहा है।

## सैन्य खर्च के टूटे सारे रिकॉर्ड... चौथे नंबर पर

**नई दिल्लीः भारत** दनिया का चौथा सबसे बड़ा रक्षा बजट वाला देश बन गया है। 2022 में भारत ने सशस्त्र बलों के लिए उपकरणों के आधुनिकीकरण और सैन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के मामले में कुल 23 प्रतिशत खर्च किया है। दरअसल स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट ने दुनिया के सभी देशों की रक्षा खर्च को लेकर रिपोर्ट जारी की है। भारत की ओर से पिछले साल बजट में सैन्य खर्च को लेकर 5.25 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, वहीं 2021 से 2022 में 4.78 लाख करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर के देशों ने अपनी सेनाओं पर 2240 अरब डॉलर यानी कि 183 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं।




हालांकि, रूस और यूक्रेन में चल रहे युद्ध की वजह से 2021 के मुकाबले ये खर्च 3.7 प्रतिशत बढ़कर 2240 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। जंग की वजह से यूक्रेन का सैन्य खर्च छह गुना बढ़ा है और 44 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

**टॉप 5 देशों द्वारा सैन्य खर्च के आंकड़ेः** भारत इस सूची में चौथे नंबर पर है। इसमें पांचवें नंबर पर सऊदी अरब है जिसने पिछले साल 75 अरब डॉलर खर्च किए हैं, वहीं तीसरे नंबर पर है रूस, इस देश ने 86.4 अरब डॉलर खर्च किए हैं तो वहीं दूसरे नंबर पर चीन और पहले पर अमेरिका है। चीन ने 292 अरब डॉलर जबकि 877 अरब डॉलर खर्च किए हैं। वैसे, चीन की बात की जाए तो ये देश हर साल 200 अरब डॉलर से अधिक अपनी सेना पर खर्च करता है। चीन ने अपने 2023 के बजट में भी रक्षा खर्च बढ़ाया है। चीन ने इसे 225 अरब डॉलर कर दिया है, जो कि पिछले साल से 7.2% अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने ताइवान और साउथ चाइना सी को लेकर अमेरिका से बढ़े विवादों को लेकर अपने रक्षा बजट को बढ़ाया है।

## पीएफआई के खिलाफ एनआईए का एक्शन

**यूपी-बिहार और पंजाब से लेकर गोवा तक कई ठिकानों पर छापेमारी**

**नई दिल्लीः** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई जारी है। एनआईए ने सोमवार को देशभर में पीएफआई के ठिकानों पर छापा मारा है। बताया जा रहा है कि देशभर में कुल 17 जगहों पर छापेमारी की जा रही है।

**यूपी, बिहार और पंजाब में छापाः** एनआईए के अधिकारी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और गोवा में तलाशी ले रहे हैं। एनआईए बिहार में 12, यूपी में



दो और पंजाब के लुधियाना और गोवा में एक-एक जगह पर तलाशी ले रही है।

**बिहार में डेंटिस्ट के ठिकाने पर तलाशीः** एनआईए ने बिहार के दरभंगा जिले के उर्दू बाजार में स्थित डेंटिस्ट डॉक्टर सारिक रजा के ठिकाने पर छापा मारा है।

# इंटरमीडिएट में अंजू सिंह ने प्रदेश में सातवीं यशस्वी तिवारी ने हाईस्कूल जिले में प्राप्त की चौथी रैंक

## सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो की दोनों छात्राओं ने क्षेत्र का नाम किया और रोशन, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने माला पहना कर छात्राओं को किया सम्मानित



अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र में स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में वर्ष 2012 से ही कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जिसके क्रम में वर्ष 2023 की परीक्षा में भी यह कालेज टॉप टेन सूची में अपना स्थान हासिल किया है। सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के इंटरमीडिएट की छात्रा अंजू सिंह पुत्री शतीस सिंह निवासी पूरा मुनई ने 96.20% अंक हासिल कर प्रदेश में जहां सातवीं रैंक हासिल की, वहीं यशस्वी तिवारी ने हाई स्कूल की परीक्षा में जिले में चौथी रैंक हासिल कर क्षेत्र एवं विद्यालय तथा जनपद का नाम प्रदेश में रोशन किया है। प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल करने वाली छात्रा अंजू सिंह की बड़ी बहन अल्का सिंह ने इसी विद्यालय से वर्ष 2020 की हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान तो इंटरमीडिएट 2022 की परीक्षा में जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया था। अल्का सिंह ने छोटी बहन अंजू सिंह को प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल करने पर बधाई दी है। अलका इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए की पढ़ाई कर रही हैं। अंजू सिंह ने बातचीत के दौरान बताया कि आगे चलकर वह यूपीएससी की तैयारी कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से गदगद प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने छात्राओं को माला पहना कर सम्मानित किया। उन्होंने आगे और सर्वश्रेष्ठ सफलता अर्जित करने की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव की छात्रा दिव्या सिंह ने हाई स्कूल में 96.16% अंक हासिल कर जिले में चौथी रैंक तो देवांश जायसवाल ने 95.83% अंक हासिल कर जिले में छठवीं रैंक, आस्था सिंह ने 95.66% अंक हासिल कर जिले में सातवीं रैंक एवं सौरभ पांडेय ने 95.17% अंक हासिल कर जिले में दसवीं रैंक हासिल की है। जनपद में नाम रोशन करने वाले छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली ने सम्मानित किया है। इसी क्रम में शिवजियावन इंटर कॉलेज लेडियारी के छात्र कुलदीप जायसवाल ने ने हाई स्कूल की परीक्षा में 96.17% अंक हासिल कर जिले में चौथी तो चौधरी शिव जोखन सिंह इंटर कॉलेज टीकर की हाई स्कूल की छात्रा श्रुति केसरी ने जिले में छठवीं रैंक हासिल की है।

## राजा कमलाकर के छात्र रुद्र त्रिपाठी को जिले में मिली तीसरी रैंक

### कालेज में छात्र शिवशंकर द्विवेदी और छात्रा अनामिका ने किया टॉप




अनामिका केसरवानी



**शंकरगढ़।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में जनपद के भी मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कई छात्र-छात्राओं ने टाप टेन सूची में भी जगह बनाई है। यमुनापार के राजा कमलाकर इंटर कालेज के भी मेधावियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाईस्कूल की परीक्षा में राजा कमलाकर इंटर कालेज के छात्र रुद्र त्रिपाठी ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रुद्र त्रिपाठी को 96.33 फीसद अंक मिले हैं। हाईस्कूल की परीक्षा (अंग्रेजी माध्यम)में अनामिका केसरवानी ने 90.83 फीसद अंक के साथ कालेज में प्रथम स्थान बनाया है। जबकि हाईस्कूल के छात्र शिवेंद्र सोनी और स्पर्श जायसवाल ने 90 फीसद अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरा, गायत्री केसरवानी ने 89.67 फीसद अंक के साथ तीसरा, अरविंद सिंह ने 88.83 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह अमृता पटेल ने 88.67 प्रतिशत अंक के साथ कालेज में पांचवां स्थान हासिल किया है। इसीतरह हाईस्कूल की हिंदी माध्यम में प्रकाश सिंह 92 फीसद,अभिषेक सिंह 91.5 फीसद,राहुल सिंह 91 फीसद,अंशिका सिंह यादव 91 फीसद,अंजली यादव 91 फीसद,त्रिशा केसरवानी ने 88 फीसद,श्रेया गुप्ता 89.6,शिवानी सिंह 89 फीसद अंक प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। इसी तरह इंटर की परीक्षा में शिवशंकर द्विवेदी 92.6 फीसद,अंजनीश सिंह 92.4 फीसद,जेशिका मिश्रा 88.8,वंश केसरवानी 82 फीसद,सुमित यादव ने 86.6 प्रतिशत अंक के साथ कालेज में टाप किया है। जबकि 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेया शुक्ला ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। इसी क्रम में रुचि मिश्रा ने 85 फीसदी, श्यामशंकर साहू ने 80 प्रतिशत और तनु तिवारी ने 78.4 फीसद अंक के साथ क्रमशः तीसरा, चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। बच्चों की बेहतरीन सफलता पर राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह, शिक्षक राम बोध खरवार,हरी कृष्ण, ओपी धारिया,डॉ ब्रिजेश कुमार यादव,अजय कुमार,प्रदीप सिंह,पन्ने, राम सिंह, सुरेंद्र,अरविंद कुमार गौतम समेत तमाम शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बच्चों की इस सफलता का श्रेय विद्यालय के समस्त स्टाफ, बच्चों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास को दिया है।

## कैंब्रिज की छात्रा वंशिका सुसारी ने टाप टेन सूची में बनाई जगह



खुशी सोनी



मुस्कान सिंह



वंशिका सुसारी

**शंकरगढ़।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में यमुनापार के शंकरगढ़ में स्थित कैंब्रिज हाईस्कूल एंड इंटर कालेज की इंटरमीडिएट की छात्रा वंशिका सुसारी ने जिले की टाप टेन सूची में जगह बनाई है। वंशिका सुसारी को इंटरमीडिएट की परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक मिले हैं। वंशिता ने पूरे जनपद में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में कैंब्रिज हाईस्कूल एंड इंटर कालेज की इंटरमीडिएट की छात्रा मुस्कान सिंह ने 93.8 फीसद अंक के साथ कालेज की टाप टेन सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। कालेज में तनु चतुर्वेदी को तीसरा, खुशी सोनी को चौथा, शांभवी को पांचवां, अंशू सिंह को छठवां और दिव्यांशी सिंह को सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज के हाईस्कूल की परीक्षा में 95 फीसद अंक के साथ अमित पांडेय ने कालेज में टाप किया है। इसके बाद 94.6 फीसद अंक के साथ सत्यम गुप्ता दूसरे, 94.4 प्रतिशत अंक के साथ शनी सिंह तीसरे स्थान पर हैं। 93.6 प्रतिशत अंक के साथ विनय यादव को चौथा, 93.16 प्रतिशत अंक के साथ सफल हर्षवर्धन सिंह को पांचवां, 92.6 प्रतिशत अंक के साथ सचिन भारतीया को छठवां स्थान प्राप्त हुआ है। कालेज की हाईस्कूल की टापटेन सूची में सूरज सिंह ने 91.8 प्रतिशत अंक के साथ सातवां, 91.66 प्रतिशत अंक के साथ आदर्श सोनी ने आठवां, 91.66 प्रतिशत अंक के साथ शाश्वत सिंह ने नौवां और भूमिका केसरवानी ने 91.16 प्रतिशत अंक पाकर कालेज में दसवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी,प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय,अध्यापक मनीशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, मनोज तिवारी, धर्मराज कुशवाहा, पंकज श्रीवास्तव, पंकज मिश्र, सुधीर नारंग, रीता सुसारी, सिम्मी गुप्ता, मीरा श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, रीना देवी, नवीन, अखिलेश पांडेय, स्मिता राय, मधु, रेखा, ऊषा सिंह, दीपक केसरवानी आदि ने सफल बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## झूंसी की बेटियों भी नहीं हैं किसी से कम

### सरोज विद्याशंकर इंटर कालेज की महक, निकिता ने किया टॉप

**झूंसी।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर में लड़को के सापेक्ष लड़कियों ने अधिक अंक प्राप्त कर टॉप किया है। जिसमे झूंसी की भी बेटियां भी पीछे नही रही। दर्जनों छात्राओं ने टॉप कर अपना परचम लहराया है। सरायतकी स्थित सरोज विद्या शंकर इंटर कालेज की हाईस्कूल की महक मिश्रा, निकिता जैन ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपना नाम जिले के टॉपरों में दर्ज कराकर विद्यालय के साथ अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने बताया कि दो दर्जन छात्र-छात्राएं 80% से अधिक अंक प्राप्त किया है। वही अंदावा स्थित न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल एंड कालेज की इंटर की छात्रा ऋषिका श्रीवास्तव, श्रेया सिंह, अमन गुप्ता, जोति यादव, वर्तिका केशरवानी, भूमि श्रीवास्तव,आलिया बनो, दीपांशु पाल हाईस्कूल में मो. मोहिद, श्रेया कुशवाहा, काजल सिंह, हिमांशु सिंह, आर्यन प्रताप सिंह, पीयूष जायसवाल, आयुष कुमार, पीयूष ने स्कूल में टॉप किया। स्कूल की निदेशक रोमिला रस्तोगी, प्रधानाचार्य शालिनी श्रीवास्तव, प्रबन्धक रुझान रस्तोगी ने सभी को बधाई दी।

## सरकारी रोड और नाली पर खुलेआम अवैध अतिक्रमण

**लालापुर।** एक तरफ जहाँ सरकार अवैध अतिक्रमण को तोड़ कर सरकारी जमीनो को खाली करवा रही है वही दूसरी तरफ क्षेत्र के मझियारी गांव मे दवंग व्यक्ति द्वारा सरकारी नाली को दबाकर उसके ऊपर दीवार खड़ी कर दी गयी थी बाद मे जब ग्राम प्रधान उमाशंकर मिश्रा द्वारा देखा गया तो उन्हें नाली पर अतिक्रमण के लिए मना कर दिया गया और नाली को थोड़ा सा हटाकर बनाया गया और सहूलियत बरतते हुए कृष्णकुमार की दीवार का निर्माण करवाया गया लेकिन इतना होने पर भीदबंग व्यक्ति के मंसूबे बदले नही बल्कि उसके हौसले और बुलंद हो गए अब घर के सामने जमीन बढ़ाने के नाम पर फिर से अवैध निर्माण शुरू करवा दिया गया ऐसे लोगों पर सरकार को कार्यवाही करते हुए सख्त रुख अपनाना चाहिए। ऐसे रहा तो भविष्य मे सैकड़ो लोगों के घर का पानी रोड पर जायेगा क्यूंकि ये नाली गांव की कई नालियों को जोड़ने वाली मुख्य नाली है। डर के कारण गांव के लोग बोल नही पा रहे हैं। सरकार को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।



## अध्यापकों के परिश्रम से निखरती है बच्चों की प्रतिभा : बीईओ

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों को बीआरसी कौड़िहार पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओमप्रकाश मिश्र ने कहा कि- प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय अपने यहां के बच्चों को इस परीक्षा में सम्मिलित कराएं एवं बच्चों के साथ ऐसा प्रयास करें कि पर्याप्त मात्रा में बच्चों का चयन हो सके।विकास खण्ड कौड़िहार के उच्च प्राथमिक विद्यालय मधेशा से इस परीक्षा हेतु कुल 11 बच्चे चयनित हुए हैं। जो कि जिले के किसी एक विद्यालय से चयनित होने वाले सर्वाधिक बच्चों की संख्या है। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर कायस्थान से 2 छात्रों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय उठगी, दुखियापुर, कन्जिया व मोहम्मदपुर से क्रमशः 1-1 छात्रों का चयन हुआ है। इन सभी विद्यालय के बच्चों के साथ साथ इनके मेंटर अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से मधेशा से सुधीर कुमार निषाद, विक्रम श्रीवास्तव, मंजू यादव, उठगी से अनीता सोनकर, विनीता त्रिपाठी, फतेहपुर कायस्थान से उदय नारायण मिश्र, रितु यादव, कंजिया से वंदना एवं प्रीति श्रीवास्तव मोहम्मदपुर से गायत्री सरोज एवं दुखियापुर से शकील अहमद आदि को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु कुमार मिश्र, एवं अजमल अमीन अंसारी ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ राधे कृष्ण, बालेंद्र पांडेय, राजेश शुक्ला सहित समस्त बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यूज झरोखा

## पृथ्वी के साथ जुड़ा है जीवन का अस्तित्व

### सेंट पीटर्स स्कूल में पृथ्वी दिवस पर हुई प्रतियोगिता



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरुवा सेंटपीटर्स स्कूल छतवां सिरसा में पृथ्वी दिवस के मौके पर स्कूल के छात्रों ने अपने मॉडल के माध्यम से पृथ्वी दिवस की थीम हमारे ग्रह में निवेश करें। प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया है। स्कूल की प्रिंसिपल शिवानी खेड़ा सोनी ने बच्चों को पृथ्वी की उपयोगिता पर चर्चा कर कहा धरती माँ के साथ हमारा अस्तित्व जुड़ा है। धरती है तो हम सब हैं। प्रिंसिपल ने कहा कि धरती अमूल्य धरोहर है। इसको बचाने और संरक्षण की जिम्मेदारी हम सब की है। इसके महत्व को बच्चों को समझना जरूरी क्योंकि इस पीढ़ी पर पृथ्वी को बचाने की जिम्मेदारी सबसे अधिक है। समाज मे जागरूकता अभियान चलाकर इस गम्भीर विषय पर चर्चा की जानी चाहिए। पृथ्वी दिवस के मौके पर स्कूल में कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों को अपने मॉडल के माध्यम से इस वर्ष के पृथ्वी दिवस की थीम हमारे ग्रह में निवेश करें प्रदर्शित करने के लिए एक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने अलग अलग तरीके से अपने हुनर प्रदर्शित किए हैं। कुछ प्रतिभागी जिन्होंने अपने चित्र कला के माध्यम से सबका मन मोह लिया और एक संदेश भी दिया है। उनमें प्रतिभागी छात्र करन सेठ, समृद्धि पाठक, साक्षी पाठक, अन्वेशी, प्राप्ति केशरी, अनन्या केशरी, आराध्या केशरी, मानशी यादव, सुमित सेठ, संकल्प कुमार, सार्थक केसरी, देव कुमार आदि की प्रस्तुति प्रेरक रही।

## मऊआइमा की गद्दी गुरु टीना महामंडेश्वर की चेला मुस्कान किन्नर को सौंपी गई

### क्षेत्र को लेकर किन्नरों का विवाद सुलझा ,नकली किन्नरों की खैर नहीं



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र को लेकर असली और नकली किन्नरों के बीच मामला सुलझा।नकली किन्नर फरार मऊआइमा की गद्दी मुस्कान किन्नर को मिली। साथियों के साथ मुस्कान ने मन्दिर में घंटा चढाया । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र में काफी दिनों से नकली किन्नर असली किन्नर को मारते पीटते चले आ रहे थे। मुस्कान किन्नर को कई बार मारा पीटा गया। गत दिनों किन्नरों के गुरु थाने आकर नकली किन्नरों को पकडने की मांग करते हुए कहा था कि मऊआइमा की गद्दी की मालिक मुस्कान किन्नर हैं। असली किन्नरों कि भीड देख कर नकली फरार हो गए। मुस्कान किन्नर ने बताया कि गुरु टीना महामंडेश्वर का वह चेला है । उन्होंने मऊआइमा की गद्दी क्षेत्र सौंपी है। मुस्कान किन्नर ने अपने चेलों गुडिया, पूजा, राधा, नन्दनी, गौरी, संजना आदि के साथ सोमवार को देर शाम थाना स्थित मन्दिर में घंटा चढाया । साथ साथ नगाड़ा, नाच भी हुआ। मुस्कान किन्नर को मऊआइमा क्षेत्र की गद्दी मालिक बनाए जाने पर चेला किन्नरों में हर्ष व्याप्त है। मुस्कान किन्नर ने कहा कि यदि नकली किन्नर देखायी दिए तो सभी मिलकर पुलिस को सौंप देंगें।

## जनरल स्टोर पर खुलेआम बिक रहा गांजा

### वीडियो वायरल होने के बाद भी सरायइनायत पुलिस ने नही की कार्यवाही



**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में पुलिस की सह पर इन दिनों नशे का व्यापार धड़ल्ले से फल फूल रहा है। भांग की दुकानों के साथ साथ परचून की दुकान पर गांजा, स्मैक खुले आम बिक रहा है जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। चर्चा है कि यह वीडियो पुलिस को भी दिया गया था पर कार्यवाही के बजाय पुलिस ने वसूली का मामला रफा दफा कर दिया। नगर निगम के चुनाव के दौरान जहा चुनाव में अशांति फैलाने वालों के साथ अवैध शराब, गांजा बेचने वालों पर कार्यवाही की बात कही जा रही है वही सरायइनायत में पुलिस की सह पर जनरल स्टोर पर खुलेआम गांजा बिक रहा है। जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमे साफ नजर आ रहा की परचून की दुकान में बैठा युवक एक सफेद थैले से एक पुड़िया निकाल कर देता है जिसे लेने वाला खोल कर देखता है और कहता है कि इस समय माल खराब आ रहा है। मामला कतवारूपुर गांव का बताया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो भाग की दुकान के साथ अब गांव की परचून की दुकानों पर भी गांजा बिकने लगा है जिसके वजह से युवा नशे के आदी हो रहे है और इसी वजह से क्षेत्र में चोरी की भी घटनाये बढ़ गई है।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजा बरांव एसपीएन सिंह का निधन, शोकसभा कर व्यक्त की संवेदना



**करछना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की मौत पर कार्यकर्ताओं ने की शोक सभा करछना विधानसभा क्षेत्र के बराव राज घराने से आने वाले राजा सचिंद्र प्रताप सिंह उर्फ एस पी एन सिंह के नाम से विख्यात मंगलवार दोपहर लंबी बीमारी के दौरान शहर के अस्पताल में आखिरी सांस ली उनके निधन की खबर पर कांग्रेश के वरिष्ठ नेता एवं महामंत्री रंगराज सिंह ने करछना कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर एक शोक सभा कर मृतक आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की इस दौरान कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे डॉक्टर दिनेश कुमार सोनी रणविजय सिंह दिनेश पटेल सहित दर्जनों बड़ी संख्या में लोग शोक सभा में सम्मिलित हुए एसपीएन सिंह अपने राजनैतिक जीवन में कांग्रेस सहित भाजपा निर्दलीय से टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।

# मेजा ऊर्जा निगम ने किया जूट बैग मेकिंग कार्यशाला का आयोजन




अखंड भारत संदेश

**मेजा।** आसपास के गांव के महिलाओं को कौशल निर्माण के अवसर प्रदान करने हेतु, मेजा ऊर्जा निगम में जूट बैग मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 32 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कुशल कारीगरों द्वारा प्रशिक्षित किया गया जिन्होंने उन्हें जूट बैग और अन्य उत्पाद बनाने की विभिन्न तकनीकें सिखाईं। अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा डॉ. चिन्मयी दास ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभगियों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला में भाग लेने वाली महिलाओं को बैग बनाने के लिए जूट सामग्री और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। प्रतिभागियों को अपने उत्पादों की मार्केटिंग और बिक्री के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मेजा ऊर्जा निगम की सामुदायिक विकास पहलों ने हमेशा स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। जूट बैग मेकिंग स्किल बिल्डिंग वर्कशॉप पर्यावरण और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।कार्यक्रम में अपराजिता महिला समाज की उपाध्यक्षा श्रीमती रुचि कुमार, श्रीमती सुजाता साबत, श्रीमती कंचन सिंह, एवं आर एंड आर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चाकलेट देकर बच्ची से किया अश्लील हरकत, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र में दारु के नशे में धुत अधेड ने एक आठ साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। बच्ची के चिविल्लाने पर गांव और घर के लोग आ गए इसके बाद काफी देर तक हंगामा होता रहा। बच्ची को लेकर घरवाले थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। थाना औद्योगिक क्षेत्र के एक गांव में बीती शाम एक अधेड़ व्यक्ति ने पड़ोस की आठ साल की बच्ची को चाकलेट देकर अपने साथ अकेले में ले गया और बच्ची से अश्लील हरकत करने लगा। आअधेड़ की हरकत देखकर जब बच्ची ने विरोथ किया तो अधेड उसे डराने धमकाने लगा। इसी बीच बच्ची के चाचा उसे ढूढते हुए मौके पर पहुंच गए। अधेड़ की हरकत देख घरवाले अवाक रह गए शोरशराबा होने पर आरोपी फरार हो गया। दोनों परिवारों के बीच इस बात को लेकर विवाद भी हो गया। हाथापाई हो गई। उसके बाद परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुंचे। जहां आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र संजीव चौबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर अश्लील हरकत करने की एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। गांव वालों का कहना है कि आरोपी दारू के नशे में था। नशे की हालत में ही उसने बच्ची केसाथ अश्लील हरकत की है।

# दुकान में घुसकर खनन माफियाओं ने की मारपीट व लूटपाट

अखंड भारत संदेश

**पुलिस का दबाब सुलह के लिए किया मजबूर, माफिया की पहुंच ऊपर तक**

**लालापुर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों माफियाओं के हौसले कुछ इस कदर बुलंद हैं कि आये दिन कुछ न कुछ नए कारनामे सामने आते ही रहते हैं। ताजा मामला रविवार की शाम लालापुर चौराहे का है जहाँ पर स्थित ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय की मिष्ठान की दुकान मे खनन माफिया गणेशदत्त शुक्ला (बड़का), उसके मनीष, गणेशदत्त के भाई भू माफिया, खनन माफिया शिवदत्त शुक्ला, सोनू शुक्ला नौढ़िया तरहार/लालापुर आदि पहुंचे और दुकान मे मौजूद ग्राम प्रधान के लड़के विनायक पाण्डेय (टिंकू) को भद्दी भद्दी गालियां देने लगे और कट्टा लहराते हुए बोले बहुत बड़े नेता न बनो नहीं तो गोली मार दूंगा। मुझे प्रशासन का कोई डर नहीं है मेरी ऊपर तक पहुँच है। इसके बाद काउंटर मे रखा सारा पैसा व सोने की चैन लूट ले गए। जब गांव वाले इकठ्ठा होने लगे तो जल्दबाजी मे ये सब भागने लगे तभी गणेशदत्त का लड़का मनीष मोटरसाइकिल से गिर गया जिससे उसको सर मे और हाँथ मे चोट आई जिसको लेकर इन माफियाओं ने मनगढ़ंत कहानी बनाइ और कहने लगे कि इन लोगों ने मिलकर हमारे लडके के सर पर हँसुआ से प्रहार किया है। अपने बचाव के लिए फर्जी मुकदमा दर्ज करवाने के लिए थाना प्रभारी पर जबरजस्ती दबाव बनाने लगे। जबकि हकीकत बिल्कुल अलग बयां कर रही हैं। यमुना का सीना चीर अवैध तरीके से बालू का खनन करवाना, बिना रवन्ने के परिवहन करवाना, लोगों की जमीन लिखवाकर पैसे न देना इत्यादि इन लोगों का पेशा बन गया है। ये सभी दबँग व गुंडा किस्म के लोग हैं।अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन खनन माफियाओं व भू माफियाओं के ऊपर कार्रवाई करने मे प्रशासनिक अधिकारी क्यों कतरा रहे हैं, यदि कल बड़ी घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।



## सरकारी भूमि पर अवैध ढंग से निर्माण कराए जा रहे भवन को राजस्व टीम ने करवाया ध्वस्त

**ध्वस्तीकरण का उपजिलाधिकारी ने दिया था आदेश**

**मऊआइमा।** सरकारी जमीन पर निमार्णाधीन भवन को एस डी एम के आदेश पर राजस्व टीम और स्थानीय पुलिसकर्मियों के सहयोग से जेसीबी लाकर ध्वस्त करवा दिया। मऊआइमा के ग्राम अलावलपुर में स्थित ग्राम समाज की जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा करके आर सी सी भवन का निर्माण सत्यम पुत्र बडेलाल द्वारा कराया जा रहा था। एस डीएम सार्थक अग्रवाल आई ए एस से शिकायत पर राजस्व विभाग ने जांच की तो निमार्णाधीन भवन सरकारी जमीन पर बनने की रिपोर्ट पर मंगलवार को एस डीएम सार्थक अग्रवाल आई ए एस के आदेश पर राजवस्व विभाग के लेखपाल राज कुमार सागर, विकास सिंह, शारदा प्रसाद पांडेय ,अविनाश पांडेय ,मोहम्मद वारिस ,भारत लाल आदि ने स्थानीय पुलिसकर्मियों के सहयोग से जेसीबी से ध्वस्त करवा दिया।

# गरीबों, किसानों के मसीहा थे हेमवती नंदन बहुगुणा : सुबोध सिंह

## नगर पंचायत शंकरगढ़ में भाजपाइयों ने हेमवती नंदन बहुगुणा को किया नमन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी हेमवती नंदन बहुगुणा को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। नगर पंचायत शंकरगढ़ के आर्य राम वाटिका में शाम को भाजपाइयों ने हेमवती नंदन बहुगुणा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की। नगर पंचायत शंकरगढ़ प्रभारी सुबोध सिंह ने कहा हेमवती नंदन बहुगुणा किसानों, गरीबों, दलितों के मसीहा थे। नगर पंचायत शंकरगढ़ से भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी, आयोजक भाजपा नेता रोहित केसरवानी ने भी हेमवती नंदन बहुगुणा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया और सभी का आभार जताया।

वरिष्ठ समाज सेवी रामखेलावन गुप्ता ने बहुगुणा के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए अपने साथ बिताए पलों को याद किया। रामखेलावन गुप्ता ने कहा कि यमुनापार के विकास में हेमवती नंदन बहुगुणा का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने सीएम रहते हुए यहां के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा ने देश की आजादी के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले किसानों के मसीहा बहुगुणा जनता के दिलों में सदैव अमर रहेंगे। कार्यक्रम में पुष्पाजंलि अर्पित करने वालो में मंडल प्रभारी मनोज पासी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, वंदना सिंह, सभासद प्रत्याशी आईटी संयोजक सतीश विश्वकर्मा, व्यापार मंडल महामंत्री रतन केसरवानी, उपाध्यक्ष जय केसरवानी, राजेश कुमार केसरवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह पटेल, करुणापति त्रिपाठी, सुभाष सिंह पटेल, कुशल जैन, सोमनाथ वर्मा, उमा वर्मा, दीपक केसरवानी, धर्मराज पाल, डा. एचएन जायसवाल, मसुरियादीन वर्मा, अनिल चतुर्वेदी के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगरवासी मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने ह्ययाद करेंगे सुबह और शाम- अमर बहुगुणा तुम्हे प्रणामह्न व ह्नहेमवती नंदन बहुगुणा अमर रहेह्न के नारे भी लगाए।



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सबजूनियर बालिका वॉलीबाल ट्रायल 27 अप्रैल को

**मेजा।** स्थानीय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कंपनीबाग, प्रयागराज में आगामी 27 अप्रैल 2023 को जिला स्तरीय बालिका सबजूनियर वॉलीबाल टीम में चयन हेतु सबजूनियर (अंडर-16) आयु वर्ग की बालिका वालीबाल खिलाड़ियों का चयन / ट्रायल होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी. शुक्ला ने बताया कि जिन बालिकाओं की जन्मतिथि 1 जनवरी 2007 अथवा उसके बाद की है,वही खिलाड़ी उपरोक्त ट्रायल/चयन प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। भाग लेने की इच्छुक खिलाड़ी 27 अप्रैल को अपराहन 4 बजे तक अपनी आयु से संबंधित प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, नगर निगम/ नगर पालिका से निर्गत जन्मतिथि प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं उसकी एक छाया प्रति के साथ निर्देशित क्रीड़ा स्थल पर पहुंचने का कष्ट करें।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर को सांप ने काटा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के बॉटनी डिपार्टमेंट के पूर्व प्रोफेसर एनबी सिंह को आज सांप ने उस वक्त डस लिया जब वो बैंक रोड स्थिति टीचर्स कॉलोनी में सांप पकड़ने गए थे। धामिन प्रजाति का सांप होने के बाद भी वह काफी आक्रामक था और पकड़ते समय चेहरे पर झपट्?टा मारकर आंख के पास काट लिया। काफी मशक्कत के बाद प्रो. सिंह किसी तरह से सांप को काबू में कर सके। फिलहाल धामिन प्रजाति का सांप होने से वो खतरे से बाहर हैं।

**बिजली की तरह झपट्?टा मारकर काटा :** बैंक रोड स्थिति टीचर्स कॉलोनी में रहने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अखिलेश चंद्र पांडेय ने प्रो. एनबी सिंह को फोन कर अपने घर में सांप होने की सूचना दी। यह सूचना उन्हें मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे मिली। स्वभाव के मुताबिक सूचना के तत्काल बाद प्रो. एनबी सिंह अपनी साइकिल से बैंक रोड स्थिति कॉलोनी में पहुंच गए। वहां लगभग 4 फीट का एक सांप छुपा बैठा था। पहले तो वह शांत था पर जैसे ही प्रो. एनबी सिंह ने उसकी पूंछ पकड़नी चाही उसने तेजी से चेहरा पर छपट्?टा मार दिया और आंख के पास काट लिया। इतने में सांप का रेस्क्यू देख रहे लोग घबरा गए। बोले सर आपकी आंख के पास खून निकल रहा है। आपको सांप ने काट लिया है।

### टीचर्स कॉलोनी में पकड़ने गए थे सांप, हाथ में नहीं थी स्टिक



**गनीमत रही कोबरा नहीं था :** इतने में प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि ओह ! गनीमत है यह धामिन प्रजाति का सांप है। कोबरा नहीं है नहीं तो मेरे प्राण आज यहीं पखेरू हो जाते। कहकर हंसने लगे। सांप को काफी मशक्कत के बाद काबू में पाया जा सका। इसके बाद उसे बोरे में भरकर फाफामऊ के जंगलों में छोड़ दिया गया। प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि धामिन प्रजाति के सांप जहरीले नहीं होते । यह काफी शांत प्रवृत्ति के होते हैं पर आज यह पहला ऐशा मौका है जब किसी भी सांप ने हमें काटा है।

**कॉलोनी से पकड़ चुके हैं अब तक 6 अजगर :** प्रोफेसर एनबी सिंह ने बताया कि निरुपमा कॉलोनी से सटे इलाहाबाद विश्वविद्यालय का एक फार्म है। इसमें काफी पेड़ पौधे हैं जहां से अक्सर सांप और अजगर निकल आते हैं। अब तक हमने यहां से छह अजगर पकड़कर शंकरगढ़ के जंगलों में छोड़ा है। अभी 28 जून 2022 को भी एक अजगर हमने पकड़ा था इसके बाद 19 जुलाई को भी वैली फार्म पर दूसरा अजगर पकड़कर शंकर घाट के जंगलों में छोड़ा है।

**अब तक रोप चुके हैं लाखों पौधे :** आपको बता दें कि प्रोफेसर एनबी सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बॉटनी डिपार्टमेंट के एचओडी रहे हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अलावा शहर में हरियाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन के साथ मिलकर उन्होंने पौधरोपण का अभियान चलाया है और अपने स्तर पर भी लोगों को वह पौधे भेंट करते हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हैं, लोगों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करते हैं। अब तक प्रोफेसर एनबी सिंह लाखों पौधे रोप चुके हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जो हरियाली का इस वक्त स्वरूप है उसमें प्रोफेसर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान है। अब तक उन्होंने 500 से अधिक खतरनाक कोबरा जैसी प्रजाति के सांपों को पकड़ कर जंगलों में छोड़ा है।

**जब पत्नी को अस्पताल में छोड़कर चले गए सांप पकड़ने :** उस घटना को भला कौन भूल सकता है जब प्रोफेसर एनबी सिंह की पत्नी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही थीं। उस वक्त भी अशोक नगर में एक घर में कोबरा निकलने की सूचना पर वह रेस्क्यू करने निकल चुके थे। लोगों ने उन्हें मना भी किया कि आपकी पत्नी एडमिट है पहला धर्म आपकी पत्नी के प्रति है। फिर भी प्रोफेसर सिंह लोगों की जान बचाने अशोकनगर गए और खतरनाक कोबरा को रेस्क्यू किया था। कर्तव्यनिष्ठा के उनके इस स्वरूप को शहर ने सैल्यूट किया था।

# असद के कमरे में युवक को कपड़े उतारकर पीटा, वीडियो वायरल, गाल पर बनवाया था टैटू

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक का बेटा असद लखनऊ में पढ़ने गया था लेकिन, वह अपने पिता की तरह डॉन बनने में जुटा था। पुलिस को उसके मोबाइल से एक वीडियो मिला जिसमें उसके कमरे में एक युवक को कपड़े उतारकर बेल्ट से पीटा जा रहा है। वीडियो में असद तो नहीं दिख रहा लेकिन उसके गुर्गे पिटाई कर रहे हैं। असद संभवतः वीडियो बना रहा था। इसके अलावा उसका एक फोटो भी वायरल हुआ है जिममें उसने अपने गाल पर टैटू बनवाया था जिसमें डॉन लिखा था। वायरल वीडियो 2021 का बताया जा रहा है। असद उस समय लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रहा था। लेकिन वह दिन रात डॉन बनने का सपना देखता। उसके फ्लैट में दिन भर अपराधी किस्म के युवकों का आना जाना लगा रहता था। अक्सर वह युवकों को अपने फ्लैट में लाता और उनकी पिटाई की जाती। आस पास रहने वालों को चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनाई पड़ती लेकिन, किसी की कुछ बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती। पुलिस को उसके मोबाइल की जांच के दौरान एक वीडियो मिला है जिसमें उसके दो गुर्गे बेल्ट से एक युवक को पीटते नजर आ रहे हैं। दोनों युवक के कपड़े उतारकर बुरी तरह से पीट रहे हैं। युवक चीख रहा था, चिल्ला रहा था, मिन्नतें कर रहा था कि उसे छोड़ दिया जाए। वह कपड़े पहनने की कोशिश करने लगा तो उसे और पीटा गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक असद ही वह वीडियो बना रहा था, इस कारण वह वीडियो में नहीं दिख रहा है। वीडियो लखनऊ स्थित उसके फ्लैट का है। पुलिस का कहना है कि वीडियो में दिख रहा युवक कौन है, इस बात का पता लगाया जा रहा है। असद के जो गुर्गे उसे पीट रहे हैं, उनमें से एक के बारे में बताया जा रहा है कि वह अली का दोस्त सैफ है। दोनों गुर्गों के बारे में जानकारी इकट्ठी कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# भाजपा ने रोड शो कर दिखाई ताकत, कई जगह हुई सभाएं

**झूंसी।** भाजपा ने प्रयागराज के महापौर प्रत्याशी गणेश केशरवानी के साथ सभी पार्षदों के समर्थन में मंगलवार को रोड शो कर अपनी ताकत दिखाई। जगह जगह रोड शो का कार्यकर्ताओ ने स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की। इस दोरान सभाएं भी हुई जिसमें भाजपा नेताओ ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई गई। शहर से निकली रोड शो यात्रा अलोपी बाग से होते हुए झूंसी पहुँची जहा कार्यकताओ ने महापौर प्रत्याशी गणेश केशरवानी का माला पहना कर स्वागत किया। जिसके बाद जीटी रोड होते गणेश केशरवानी का काफिला अंदावा पहुचा वहा से पुरानी जीटी रोड होते वापस लौट। रोड शो में भारी संख्या में पैदल व बाइक, कार पर सवार लोग हाथो में भाजपा का झंडा लिए मोदी, योगी के साथ स्थानीय नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। रोड शो में उमड़ी भीड़ की वजह से वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर जाम लगने लगा। यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, महामंत्री मनोज निषाद, अमर सिंह, मनोज मिश्रा, बिक्कू प्रधान, दीपक सिंह, पंकज ओझा, अवरुद्ध यादव, सुमित निषाद सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विश्व मलेरिया दिवस : समय के साथ कम होने लगे मरीज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 2023 वर्ष 2021 में 274,2022 में 187 केस व वर्ष 2023 जनवरी से मार्च में 19 मरीज हैं । यह है जनपद में मलेरिया मरीजों का आंकड़ा। ध्यान से देखें तो साल दर साल मलेरिया मरीजों का आंकड़ा कम हो रहा है। प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक ने बताया कि मलेरिया के हिसाब से जनपद हाईरिस्क एरिया जसरा का रेरा, जसरा खास, सबसेंटर व रामनगर हैं जिन्हें केन्द्रित कराकर गतिविधियाँ एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा एरियों की साफ सफाई, छिडकाव, फोगिंग किया जा रहा हैं। साथ ही सफाई, छिड़काव, फोगिंग अदि भी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस है। इस वर्ष की थीम टाइम टू डिलीवर जीरो मलेरियाः इन्वेस्ट, इनोवेट, इम्प्लीमेंट इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि लोग मलेरिया के प्रति जागरूक हों। इसी क्रम में इस दिवस पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर गोष्ठी और शिविर आदि के आयोजन होंगे। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक घातक बीमारी है। यदि कुछ इस तरह के लक्षण हों तो जांच तुरंत कराएं। चार से आठ घंटे के




चक्र में बुखार, सिरदर्द, शरीर दर्द, ठंड लगना, पसीना आना और मिचली व उल्टी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करें। उनकी मदद से प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखा कर उनकी सलाह पर मलेरिया की जांच कराई जानी चाहिए। समय से जांच व इलाज न होने से मलेरिया जानलेवा हो सकता है । मलेरिया की दवा बीच में नहीं छोड़नी है। लक्षण समाप्त होने पर भी मलेरिया का पूरा इलाज करवाना है। जिला स्तरीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएची), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स (एचडब्ल्यूसी) पर मलेरिया की जांच उपलब्ध है। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि मलेरिया निरीक्षकों की टीम जिले में मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए संबंधित विभागों और सामुदायिक योगदान के जरिये अभियान में जुटे हुए हैं, लेकिन लोगों की सतर्कता अधिक आवश्यक है। मलेरिया दिवस से पूर्व जिला मलेरिया टीम ने मेजा ब्लाक के सीएचओ के साथ बैठक कर जनपद को मलेरिया मुक्त करने के लिए नीति पर चर्चा की,साथ ही मलेरिया के बचाव एवं प्रबंधन की जानकारी दी गयी `उन्होंने कहा कि मलेरिया के लिए व्यापक जागरूकता बचाव जरुरी हैं `उन्होंने बताया कि इस तरह से सभी ब्लाक के सीएचओ को प्रशिक्षण देकर कार्यक्रम को प्रबलता मिलेगी

### मलेरिया से बचाव

पूरे बांह के कपड़े पहने, मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, मच्छररोधी क्रिम लगाएं, घर में मच्छररोधी अगरबत्ती का इस्तेमाल करें । घरों में किटनाशकों का छिड़काव करें, खुली नालियों में मिट्टी का तेल डालें ताकि मच्छरों के लार्वा न पनपने पाएं, मच्छरों के काटने के समय शाम व रात को घरों और खिड़कियों के दरवाजे बंद कर लें। इन उपायों के बावजूद अगर लक्षण दिखें तो मलेरिया की जांच करवा कर इलाज करवाएं।

# गोष्ठी आयोजित कर मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

**सहसों।** मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मच्छरों के काटने से एवं आसपास में फैली गंदगी तथा घर में साफ सफाई का ना होना बहुत बड़ा कारण है। उक्त बातें हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों में आयोजित विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर ए के मिश्र पूर्व प्रोफेसर ने कही। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ऐसे में लोगों को अपने अपने घरों में साफ-सफाई, साफ कपड़े, ताजा भोजन एवं घरों के आसपास जलजमाव ना होने दें, भोजन करते समय हाथ को साबुन से अवश्य धोलें मलेरिया रोग का सबसे अच्छा तरीका बचाव ही है। इस अवसर पर गोष्टी की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अमित यादव ने अपने सुझाव देते हुए बताया कि मलेरिया बीमारी क्षेत्र में बहुत ही तेजी से फैलने लगी है जोकि लोगों को अपने चपेट में ले रही है। मलेरिया बीमारी एक ऐसी बीमारी है जो एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के रूप में काटने से यह बीमारी लोगों में हो जाती है। ऐसे में लक्षण के अनुसार ठंडी देकर बुखार आना एवं लोगों में उल्टी, भूख न लगना, आदि समस्याएं होने लगती हैं। बचाव के रूप में इसका चिकित्सीय इलाज डॉक्टरों का परामर्श सही समय पर लेना चाहिए नहीं तो यह बीमारी बहुत ही घातक परिणाम देती है। इसके बचाव के लिए घरों के आसपास जलजमाव ना होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, पूरी बांह का कमीज पहने, घर में जालीदार दरवाजे का इस्तेमाल करें, मच्छर रोधी अगरबत्ती या आलाउट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा समय-समय पर चिकित्सीय परीक्षण, चिकित्सकों का परामर्श एवं सावधानी ही बीमारियों का बचाव है। इस मौके पर प्रमुख रूप से इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, राम सिंह पूर्व प्राचार्य, शिवकुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, राम चन्द्र पांडेय, जय शंकर पांडेय, अखिलेश दूबे आदि लोगों ने मौजूद होकर डॉक्टरों की सलाह लेते हुए जागरूक हुए।

# हाईस्कूल परीक्षा में 94%वंदिता मिश्रा बारा से आराधना 88.33प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया क्षेत्र का नाम रोशन



अखंड भारत संदेश

**बारा/ लालापुर।** क्षेत्र के श्री हरिशंकर पाण्डेय इण्टर कॉलेज की वंदिता मिश्रा(ओठगी) ने हाइस्कूल में 94% अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।इंटर की छात्रा पूजा 80% अंक पाई। बारा क्षेत्र में एक सामान्य परिवार से संबंध रखने वाले पिता ने अपनी बेटी की इच्छा पूरी करने के लिए अपनी क्षमता से अधिक ध्यान देते हुए बेटी को रामप्रसाद इंटरमीडिएट कालेज गोविंदपुरम कालोनी सीओडी, नैनी में प्रवेश दिलवाया। बेटी आराधना सूर्यवंशी बचपन से ही पढाई में जिज्ञासु रही। परिणामस्वरूप इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में अपने स्कूल में 88.33प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। उसकी मां रीता देवी ग्रहणी है। पिता संदीप कुमार जसरा विकासखंड में अपनी ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक हैं। आराधना का एक छोटा भाई है। आराधना ने बताया कि वह आगे चलकर एमबीबीएस बनना चाहती है। उसने अपनी पढाई का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उसने कहा कि मेरे पिताजी ने अल्प साधनों के बावजूद मुझे सहयोग करते हुए सदैव अच्छा करने के लिए प्रेरित करते रहे। अपने माता-पिता के सहयोग एवं सद्प्रेरणा से ही मुझे सफलता प्राप्त हुई। विकासखंड जसरा परिसर में अनेक रोजगार सेवकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रशन्नता जताई। आराधना के घर खटंगिया में भी उनकी मां रीता देवी ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान उनकी आंखों में खुशी के आंसू भर आए।

## आगनवाड़ी कार्यकत्री की एक बेटी श्रेया हाई स्कूल में 92 प्रतिशत तो दूसरी बेटी स्वेक्षा इंटर में प्राप्त किया 86 प्रतिशत



श्रेया सागर



स्वेच्छा सागर कक्षा 12

**घूरपुर।** घूरपुर के दो सगी बहनों ने कालेज सहित जहां माता पिता का मान बढ़ाया वहीं कालेज का भी गौरव बढ़ाने का काम किया है। घूरपुर के दलवाबारी गांव निवासी श्रेया सागर पुत्री स्व. घनश्याम ने हाई स्कूल में 92, प्रतिशत 600पूर्णाक में से 552नम्बर और इंटर में स्वेक्षा सागर पुत्री स्व ० घनश्याम ने 86 प्रतिशत 500के पूर्णाक में 433नंबर पाकर माता पिता और कालेज का मान बढ़ाया । श्रेया बगहा बेलसारा स्थित एसएन पटेल इण्टर कालेज में तो स्वेक्षा नैनी सीओडी के रामप्रसाद एकेडमी इण्टर कालेज में पढ़ती थी। दोनो बहनें डॉक्टर बन दीन दुखियों की सेवा करना चाहती है बताते हैं कि बचपन में ही दोनो सगी बहनों के पिता का एक हादसे में मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद लालन पोषण की जिम्मेदारी मां सविता पर आन पड़ी। बेटियों को अच्छी शिक्षा देने के लिए आगनवाड़ी कार्यकर्ती के रुप में काम करने लगी और साथ में सिलाई भी करने लगी। मां की मेहनत दोनों बेटियों ने जाया नहीं की और कड़ी मेहनत कर मां की अरमानों के साथ ही गांव वा स्कूल का भी गौरव बढ़ाया।

## श्री माता दान सिंह इंटर कालेज की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा के अंतर्गत आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के परिणाम में हमारे विद्यालय श्री माता दान सिंह इंटर कॉलेज तरवाई मेजा प्रयागराज का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा 12 का छात्र अपोहन प्रकाश मिश्रा प्रथम स्थान 83 प्रतिशत ,व द्वितीय स्थान अनुभव यादव 79 प्रतिशत तीसरे स्थान पर अदीति मिश्रा 76 प्रतिशत चतुर्थ स्थान मयशा अब्बासी 73 प्रतिशत पंचम स्थान श्रेया शुक्ला 70 प्रतिशत छठवाँ स्थान आयुषी शुक्ला 70 प्रतिशत सातंवे स्थान पर आस्था गौतम रही, वही कक्षा 10 में अमित कुमार जैसल ने 81प्रतिशत प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे पर आदर्श कुमार गौतम 75 प्रतिशततीसरे नंबर पर मीनाक्षी पाल 73 प्रतिशत व राही कन्नौजिया ने चतुर्थ स्थान पर 72 प्रतिशत व पांचवा स्थान महिमा शर्मा ने 70 प्रतिशत कुसुम भारतीया ने छठा स्थान 67 प्रतिशत अमित सोनकर ने सातवाँ स्थान 66 प्रतिशत प्राप्त किया। विद्यालय के होनहार छात्र एव छात्राओं का परीक्षा फल बहुत ही सराहनीय रहा जिसके लिए विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्या एवं समस्त अध्यापक गण व अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा। और साथ ही साथ विद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने सभी को आभार एवं धन्यवाद दिया। सभी सफल छात्रों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। विद्यालय के प्रबन्धक और प्रधानाचार्य ने सभी छात्र और छात्राओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। इन्होंने ने कहा हमारे विद्यालय के छात्र और छात्राएं जहां भी रहे हमारे विद्यालय का नाम रोशन करे और साथ ही साथ अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया।

## हिस्ट्रीशीटर ने मांगी रंगदारी रिपोर्ट दर्ज, आरोपी व उसके भाई पर दर्ज है दर्जनों मुकदमे

### पुलिस ने दी दबिश आरोपी फरार

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर सहित दो के खिलाफ रंगदारी समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। भदोही गोपीगंज के भवानीपुर निवासी गिरिजाशंकर मिश्रा ने बताया कि दो साल पहले राहुल ओझा के माध्यम से झूंसी के प्रमोद गिरी उर्फ बब्लू गिरी से जमीन का सौदा किया था दोनों को मिलाकर 15 लाख रुपये दिया पर अभी तक न जमीन मिली न ही पैसे लौटाया। गिरिजाशंकर मिश्रा का आरोप है कि पैसे मांगने पर प्रमोद गिरी उर्फ बब्लू ने कहा कि मुझे 5 लाख गुंडा टैक्स दो तब जमीन मिलेगी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्रमोद गिरी व राहुल के खिलाफ रंगदारी, धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में लगी है। मंगलवार को छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह ने फोर्स के साथ बब्लू गिरी के घर पर दबिस दी जहा केवल महिलाएं मिली प्रमोद उर्फ बब्लू फरार बताया जा रहा है। झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि बब्लू गिरी व उसके भाई थाने के हिस्ट्रीशीटर है। दोनों पर गुंडा गैंगेस्टर की भी कर्यवाही की जाएगी।

## प्रबुद्ध रंग महोत्सव का आयोजन 30 अप्रैल को

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), बाबासाहब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में विगत एक अप्रैल से यमुनापार की ग्रामसभा दौना में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चो के सृजनात्मक कलात्मक और व्यक्तिव विकास के लिये संचालित एक तीस दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का समापन नागपुर महाराष्ट्र की प्रख्यात बहुजन महिला साहित्यकार डा. सुशीला टाकभौरे द्वारा लिखित नाटक जीवनं के रंग, जौनपुर निवासी अरुणांचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल प्रख्यात बहुजन साहित्यकार डा. माता प्रसाद द्वारा लिखित नाटक अछूत का बेटा और महादानी राजा बलि तथा मेरठ निवासी प्रख्यात बहुजन साहित्यकार सूरज पाल चौहान द्वारा लिखित कहानी परिवर्तन की बात जैसे चार नाट्य प्रस्तुतियों व नृत्य व गायन की प्रस्तुतियों के साथ प्रबुद्ध रंग महोत्सव-2023 का आयोजन आगामी 30 अप्रैल 2023 को अपराह्न 02 बजे से सर्किट हाउस के पास स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह में किया जाएगा। बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षण संबर्धन और उसके विकास के साथ साथ बहुजन संस्कृति के पुनरस्थापत्य के लिये सतत समर्पित प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा प्रयागराज की धरती पर यह पहली बार रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। एक ओर जहां प्रबुद्ध फाउंडेशन के द्वारा यमुनापार की बहुजन बाहुल्य बस्तियों के उच्च प्राथमिक स्तर तक के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिये प्रबुद्ध पाठशाला की शाखाएं डाली जा रही है तो वही दूसरी ओर पाठशाला के बच्चों के सृजनात्मक कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का आयोजन कर बच्चो को बहुजन साहित्य कला और संस्कृति के साथ बहुजन रंगमंच से रूबरू किया जा रहा है। कार्यशाला में दौना गांव के 30 बच्चे बच्चियां प्रतिभाग कर रहे है।

# शुआट्स : प्लांट टिशू कल्चर पर कार्यशाला का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** शुआट्स में टिश्यू कल्चर पर पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। यह कार्यशाला सेन्टर आफ टिश्यू कल्चर टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. ईपेन पी. कोशी (कार्यशाला के सह-आयोजक सचिव) द्वारा प्रार्थना के साथ की गई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. प्रगति शुक्ला (प्रमुख, सेंटर फॉर टिश्यू कल्चर टेक्नोलॉजी और कार्यशाला संयोजक) द्वारा कार्यशाला और सेंटर का संक्षिप्त विवरण दिया गया। प्रोफेसर (डॉ.) आरिफ ए. ब्रॉडवे, निदेशक, विस्तार निदेशालय, शुआट्स ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उद्घाटन भाषण में, उन्होंने प्रतिभागियों के करियर विकास में इस कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें फसल उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में किसानों की मदद करने के लिए




प्रेरित किया। उन्होंने कार्यशाला की स्मारिका का विमोचन भी किया। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. गुरुदयाल राम गुरु ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेषज्ञों द्वारा टिशू कल्चर की विभिन्न तकनीकों पर प्रशिक्षण की सुविधा के लिए कार्यशाला के लिए सीमित संख्या में प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया। प्रो. (डॉ.) रुबीना लॉरेंस (एसोसिएट डीन-अकादमिक और प्रमुख, आणविक और सेलुलर इंजीनियरिंग विभाग और औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग), प्रो. वीरू प्रकाश, एसोसिएट डीन- प्रशासन और प्रमुख, जैव रसायन विभाग और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग, प्रो. जॉर्ज थॉमस, डॉ. राजीव कांत (हेड, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी एंड बायोइनफॉरमैटिक्स) और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी अपनी सम्मानित उपस्थिति के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

## न्यूज झरोखा

### पिपरांव में एक कुआँ होने से गहराई पानी की समस्या



**लालापुर।** जसरा विकासखंड के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पिपरांव में पानी पीने के नाम पर मात्र एक ही कुआँ है। जिससे ग्रामीणों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों में कमलेश मिश्रा ने बताया कि गर्मी में इस कुएं का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है। गांव के सभी लोग इसी कुएं के पानी से अपनी प्यास बुझाते है। पानी की समस्या से उच्चाधिकारियों को अनेकों बार अवगत कराया गया है। परंतु कोई सुनने वाला नहीं है। हम लोगों की परेशानियों का हल नहीं निकल सका। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी व विधायक डॉ वाचस्पति जी से भी कई बार बताया गया है कि पिपरांव ग्राम पंचायत में एक टंकी का निर्माण किया जाना चाहिए, ताकि हमेशा के लिए समस्या समाप्त हो जाती। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश मिश्रा उर्फ बाबा ने बातचीत के दौरान बताया कि टंकी बनवाने के लिए उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया है। अधिकारियों ने शीघ्रातिशीघ्र पानी की समस्या से निपटने के लिए यथासंभव आश्वासन दिया है।

### चुनाव को लेकर सिरसा में पैदल गश्त करती पुलिस



**सिरसा।** मेजा सिरसा बाजार में पैदल गस्त करते हुए शराब की दुकान का निरीक्षण किया वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया गया दुकानदारों को सीसी कैमरा लगाने को लेकर सलाह दिया गया बता दें कि सोमवार की शाम थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने पुलिस सिपाहियों के साथ शांति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत पैदल गस्त किया गया प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मेजा द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ आगामी नगर पंचायत चुनाव सिरसा के दृष्टिगत कस्बा सिरसा में पैदल गस्त किया गया, गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई। सिरसा चौकी इंचार्ज जगदीश व कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### संयुक्त मंत्री बने राजेश प्रजापति



**प्रयागराज।** रुद्रा संगम एलाटीज वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव में कार्यकारिणी में रुद्रा संगम अपार्टमेंट के सम्मानित फ्लैट ओनर्स द्वारा राजेश प्रजापति को कार्यकारिणी का संयुक्त मंत्री पद पर चयनित किया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया गया। सभी ने राजेश प्रजापति को संयुक्त मंत्री पद पर चयनित होने की बधाई दी।

## हाईस्कूल टाप टेन में जगह बनाकर प्रणव ने किया नाम रोशन

**अखंड भारत संदेश**



प्रणव।

**प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में टाप टेन में प्रणव तिवारी भी शामिल हैं। उनको नौवां स्थान मिला है। वह बरेंद सांगीपुर के संदीप कुमार तिवारी पंकज के पुत्र हैं। इनके पिता टेंट कारोबारी हैं और मां लता तिवारी गृहणी हैं। रामा इंटर कालेज सराय दलपत सांगीपुर के छात्र प्रणव बताते हैं कि अच्छे नंबर लाने के लिए मेहनत की थी। टाप टेन में नाम आने पर बहुत अच्छा लगा। इसका श्रेय वह अपने माता-पिता के साथ बाबा विजय पाल तिवारी व बहन खुशी तिवारी को भी देते हैं।

## साकेत गर्ल्स इंटर कालेज के मेधावियों ने किया स्कूल का नाम रोशन



वैष्णवी पाण्डेय।



योगिता प्रजापति।



प्रांजुल गुप्ता।



आस्था मिश्रा।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स इंटर कालेज में हाईस्कूल परीक्षा में वैष्णवी पाण्डेय ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं योगिता प्रजापति ने द्वितीय व दिव्यांषी सिंह व प्रिया पटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा मुस्कान सिंह चैथे, पलक सिंह व षिवानी पटेल पांचवां, खुषी यादव छठां, षिवानी मौर्या सातवां, आरती कुमारी आठवां, अंजली पाण्डेय नौवां व तसलीम इदरीसी ने दसवां स्थान हासिल किया। इसी तरह इंटर की परीक्षा में प्रांजुल गुप्ता ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा आस्था मिश्रा ने दूसरा व दीक्षा सरोज ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा मुस्कान सिंह ने चैथा, स्वस्ति त्रिपाठी ने पांचवां, यामिनी मिश्रा ने छठां, रष्मि प्रजापति ने सातवां, एकता ओझा ने आठवां, खुषी गुप्ता ने नौवां व अंषिका मिश्रा ने दसवां स्थान हासिल किया।

## ऋषभ और उत्कर्ष ने हाईस्कूल परीक्षा में लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**



ऋषभ।

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल इंटरमीडिएट का रिजल्ट आने के बाद कही खुशी कही गम का माहौल देखने को मिला। इस क्रम में जनपद के सदर तहसील के लोहंगपुर गाँव के ऋषभ पांडे पुत्र रमेश पांडे ने हाईस्कूल में प्रथम डिवीजन 92 प्रतिशत जबकि उत्कर्ष वर्मा ने 82 प्रतिशत से भी ज्यादा अंक लाकर अपना व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

ऋषभ और उत्कर्ष सक्सेस मंत्रा क्लासेज बिहारगंज में आदर्श जायसवाल से गणित, विज्ञान व प्रमोद मिश्र से अंग्रेजी पढ़ते थे। 92 प्रतिशत परिणाम आने के साथ ही गणित विज्ञान व अंग्रेजी में भी ऋषभ और उत्कर्ष का अच्छा नंबर आने पर आदर्श सर व प्रमोद सर ने बधाई दी व भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। ऋषभ और उत्कर्ष ने बताया कि वो अपने जीवन शैली को हमेशा सकारात्मक ढंग से आगे बढाना चाहते है। इस बेहतर परिणाम का श्रेय उन्होंने अपने गुरुजनों और अभिभावकों को दिया।

## शत प्रतिशत रहा हाई स्कूल के असहाय बच्चों का रिजल्ट

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी द्वारा संचालित निशुल्क स्टडी सेंटर पर अध्ययनरत असहाय और जरूरतमंद छात्र छात्राओं में हाई स्कूल की परीक्षा में बैठने वाले सभी छात्र छात्राओं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें दो छात्राए नैंसी और अंशू वर्मा ने 64 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सेंटर पर खुशी का माहौल रहा। प्रिंसिपल शनि सरोज ने सभी का मुंह मीठा कराया। ग्रुप के साथियों ने बच्चों से इसी तरह से सफलता की सीढ़ी चढ़ने का मूल मंत्र दिया। इस मौके पर डाक्टर मनोज खत्री, अश्वनी केसरवानी, वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, भरत यादव, अनुज शुक्ला ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया है।

## जेआईसी की छात्रा ने टाप टेन मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया



छात्रा के साथ प्रबंधक व शिक्षकगण।

**परियावां, प्रतापगढ़।** यूपी हाई स्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा का परिणाम आते ही किसी के चेहरे खिल उठे तो किसी के चेहरे लटक गये। मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आते ही विकास क्षेत्र कालाकांकर के जनता इंटर कालेज आलापुर प्रतापगढ़ मे हाई स्कूल की छात्रा छवि त्रिपाठी पुत्री शैलेन्द्र त्रिपाठी खुशी से झूम उठी जिसने कालेज मे 600/572 अंक प्राप्त किया छवि की इस सफलता पर कालेज के सभी शिक्षक भी गद गद दिखाई दिये और छात्रा छवि व उसके माता पिता को सफलता पर बंधाई दिया कालेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने छात्रा को बंधाई देते हुए कहा कि छवि की सफलता ने कालेज का नाम रोशन करने के साथ टाप 10 मेरिट लिस्ट मे स्थान प्राप्त किया है कालेज के प्रबधक प्रवीण कुमार शुक्ल ने छात्रा की इस सफलता पर छात्रा के साथ शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दी।

# कुण्डा की श्रीयम ने पांचवां व रामपुर बावली की प्रीति पटवा ने छठां स्थान बनाया प्रदेश में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/कुण्डा/लालगंज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षाफल आज अपरान्ह घोषित हुआ जिसमें हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में पांचवां स्थान कुण्डा की श्रीयम त्रिपाठी को तथा छठां स्थान रामपुर बावली की प्रीति पटवा को मिला है। श्रीयम त्रिपाठी को 600 में से 584 अंक के साथ 97.33 प्रतिषत व प्रीति पटवा को 600 में से 583 अंक के साथ 97.17 प्रतिषत मिला है। प्रदेश में पांचवां स्थान पाने वाली श्रीयम त्रिपाठी कृपालु महिला इंटर कालेज की छात्रा है। उसकी तीन बहनें कृपालु महिला कालेज में ही पढ़ती हैं। वह कुण्डा के अख्तर नगर की रहने वाली है। भविष्य में वह इंजीनियर बनना चाहती है। प्रीति पटवा पं0 रामानंद स0 इंटर कालेज रामपुर बावली, प्रतापगढ़ की मेधावी छात्रा है जो चार बहनों में दूसरे नम्बर पर है। उसका एक भाई भी है। पिता बम्बई में फल का व्यवसाय करता है। वह आईपीएस बनकर देष की सेवा करना चाहती है। अपनी सफलता का श्रेय वह अपने घरवालों को और षिक्षकों को देती है। इन दोनों छात्रों के प्रदेश की मेरिट लिस्ट में शामिल होने पर कुण्डा व रामपुर बावली में जष्न का माहौल है।

### दोनों छात्राओं ने प्रदेश में जिले का किया नाम रोशन



श्रीयम त्रिपाठी।



प्रीति पटवा।

## बीएसए ने तथ्य छिपाकर नौकरी करने वाले का वेतन रोका, मांगा स्पष्टीकरण

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने विकास खण्ड बिहार के प्रा0 वि0 अतरसुई के प्र0अ0 नंद किषोर को फर्जी जन्मतिथि के आरोप में उनके वेतन आहरण पर अग्रिम आदेष तक रोक लगाते हुए उन्हें निर्देषित किया है कि तथ्य छिपाकर बेसिक षिक्षा विभाग में नौकरी प्राप्त करने के आरोप में क्यों न आपकी सेवा समाप्त की जाए। बीएसए ने दस दिन के अंदर अपना अभिकथन प्रस्तुत करने का आदेष दिया है। प्र0अ0 नंद किषोर पर तथ्य छिपपाकर फर्जी जन्मतिथि के आधार पर नौकरी प्राप्त करने का आरोप थाना बाघराय पोस्ट आइमा जादूपुर ग्राम नगहर निवासी चंद्रिका प्रसाद मिश्र ने लगाया था। इस आरोप के बाद जांच के बाद बीएसए ने यह कार्यवाही की है।

# शिक्षकों द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य का होता है निमार्णः हरिप्रताप

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ रिवर डेल पब्लिक स्कूल का रंगारंग वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**




वार्षिकोत्सव में बोलते हरिप्रताप सिंह।




नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे।

**प्रतापगढ़।** नया माल गोदाम रोड स्थित रिवर डेल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव नगर के प्लाजा पैलेस में रंगारंग कार्यक्रम के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस दौरान बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि व अभिभावकों का दिल जीत लिया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों के अंदर आत्मविश्वास लाने और उनको अच्छी सीख देने का कार्य वार्षिकोत्सव के जरिये होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के शिक्षा के स्तर को मजबूत करने के लिए उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण शिक्षकों के द्वारा ही कराया जाता है। उन्होंने कहा कि रिवरडेल स्कूल का यह वार्षिकोत्सव काबिले तारीफ है। मैं प्रबंधक मो0 इमरान खान का आभार जताता हूं कि उन्होंने अपने स्कूल के बच्चों द्वारा अच्छे संस्कार और तहजीब का संगम पेश किया। उन्होंने कहा कि मैंने 28 साल पहले रिवरडेल स्कूल की नींव रखी थी, जो आज ये स्कूल बुलंदियों को छू रहा है। इसका श्रेय मो0 इमरान को जाता है। प्रबंधक मो0 इमरान खान ने आए हुए अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। घर से ही बच्चों के संस्कार की शुरूआत होती है। अभिभावकों को इसका विशेष ध्यान देना चाहिये। इसके बाद दूसरी जिम्मेदारी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं की होती है जो बच्चों को अच्छे संस्कार का बोध कराते हैं। उन्होंने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसे देखकर मुख्य अतिथि व अभिभावकगण खुशी से झूम उठे। इस मौके पर सह प्रबंधिका सादिया खान, प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, शिक्षिका पूनम सिंह, सानिया, सुनीता पाण्डेय, अलीशा पाल, महिमा रावत, रुची पाण्डेय, सनोबर, शालू, उशरा, आयशा, शिक्षक मारुत राय, करन शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन खां आदि का सहयोग रहा।

## अग्निकाण्ड की घटनाओं से बचाव की तैयारियों के लिये एडवाइजरी जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जनपद में आगामी ग्रीष्म काल के दृष्टिगत सम्भावित अग्निकाण्ड की घटनाओं से बचाव के पूर्व की तैयारियों हेतु एडवाइजरी जारी कर दी है। उन्होने बताया है कि फसलों की कटाई के दौरान कृषि भूमि के क्षेत्र में अग्नि काण्ड से बचाव हेतु प्राथमिक संसाधनों/व्यवस्थाओं की तैयारी पूर्व में ही कर ली जाये। फसलों की कटाई के दौरान ऐसे स्थलों पर धूम्रपान (विशेष रूप से खेतों में कार्य कर रहे कृषकों/मजदूरों) के बिड़ी अथवा सिगरेट के सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहे। ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व में ही तालाबों का चिन्हीकरण कर लिया जाये। ग्राम पंचायतों में ग्राम में पहले से उपस्थित ट्रेक्टरों की खाली पड़ी ट्रालियों में त्रिपाल की मदद से जल संचय की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर कर लिया जाये। ग्राम पंचायतों द्वारा मनरेगा के माध्यम से भी जल एकत्र करने हेतु ग्राम में खाली पड़ी भूमि का चिन्हीकरण कर उसमें गड्ढा तैयार कर जल संचय किये जाने की व्यवस्था पूर्व में ही कर लिया जाये। फसलों की कटाई के दौरान ऐसे स्थलों पर अत्यन्त ज्वलनशील पदार्थो (विशेष रूप से खेतों में सिंचाई कार्य हेतु उपयोग में लाये जाने वाले पानी के इंजन में प्रयोग किये जाने वाले ईंधन-डीजल) के उपयोग एवं रख-रखाव में विशेष सावधानी रखी जाये। कृषि योग्य भूमि जहां भूमि के ऊपर से विद्युत के तार निकल रहें हो तो ऐसे कृषि योग्य भूमि पर फसलों के प्रति विशेष ध्यान एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहें। ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों (विशेष रूप से पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं धार्मिक स्थलों) पर अनिवार्य रूप से अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, विकास विभाग एवं नलकूप विभाग के कर्मचारियों/स्टेक-होल्डर्स के सम्पर्क सूत्र/नम्बरों को उल्लेखित किया जाये। ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों पर (विशेष रूप से पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं धार्मिक स्थलों) पब्लिक एड्रैस सिस्टम/लाउड को एक्टिव रखा जाये। ग्राम में अग्निकाण्ड से सम्बन्धित किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल स्थानीय/जिला प्रशासन को उपलब्ध करायी जाए।

## एकमुश्त समाधान योजना का उठाएं लाभ

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक-अनुगम ने बताया है कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 लखनऊ के माध्यम से ऋणों की वसूली हेतु वर्तमान नई एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। योजनान्तर्गत निर्धारित ऋण अवधि पर साधारण ब्याज के साथ साथ अवशेष धनराशि की एकमुश्त वसूली की जानी है। इस प्रकार शेष अवधि का सम्पूर्ण चक्रवृद्धि ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफ कर दिया जायेगा। राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से लाभान्वित व्यक्ति भी इस योजना का लाभ पाने के लिये हकदार होगें। एकमुश्त समाधान योजना प्रबन्धक निदेशक द्वारा 30 जून 2023 तक लागू की गयी है। उन्होने कहा है कि योजना से सम्बन्धित निगम के सभी ऐसे बकायेदार जिसका ऋण ओवर ड्यू हो चुका है तथा ऋण की अदायगी एक मुश्त करना चाहते है इस समयावधि में ऋण धनराशि जमा कर ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन प्रतापगढ़ के कार्यालय कक्ष संख्या-44 में उपस्थित अथवा सम्बन्धित विकास खण्ड में तैनात सहायक विकास अधिकारी (स0क0)/ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) से एवं जिन लाभार्थियों का अन्तिम वसूली प्रमाण पत्र जारी है वे सम्बन्धित तहसील से सम्पर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मतदान के लिये मतदाता की पहचान के लिये 15 पहचान पत्र जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विनायक शुक्ल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन-2022 में निर्वाचकों के प्रतिरूपण को रोकने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिये मतदान करने हेतु 15 पहचान पत्र जारी किये गये है जिनमें से कोई एक पहचान पत्र मतदाता के पास होना अनिवार्य होगा। उन्होने बताया है कि 15 पहचान पत्रों क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त पहचान पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/पोस्ट आफिस द्वार जारी फोटोयुकत पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख यथा-भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन आदि, फोटोयुक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेन्स, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाण पत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अन्तर्गत रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इण्डिया द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र तथा राशन कार्ड में अगर कोई भी कार्ड है तो वह मतदान कर सकते है। यह भी बताया गया है कि उपर्युक्त कोई दस्तावेज जो परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध होते है वे उक्त परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिये भी वैध माने जायेगें बशर्ते कि सभी सदस्य एक साथ आते है और उन सदस्यों की पहचान परिवार के मुखिया द्वारा की जाती है।

## दस दिनों से लापता किशोर का शव मिलने से मचा हड़कंप

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र परियावां निवासी शिवम शुक्ला पुत्र संकादिक शुक्ला (20) वर्षीय बीते नौ दिनों से अचानक घर से लापता हो गया जिसकी परिजनों ने रिश्तेदारो से लेकर आस पास के कई जगहों पर छान बीन किया लेकिन पता नही चल सका। मंगलवार की सुबह गांव के समीप लापता किशोर शिवम शुक्ला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की जानकारी मिलते ही महेशगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा परिजनों ने हत्या की अशंका जताते हुए अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस जाँच मे जुटी हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई करने की बात पुलिस कह रही है। घटना को लेकर परिजनों मे चीख पुकार मची हुई है।

## राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत हुआ निःशुल्क शिविर का आयोजन

### गेस्ट हाउस दिलीपपुर में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक।

**प्रतापगढ़।** परहित सरिस धर्म नहीं दूजा तुलसीदास द्वारा लिखित इस वाक्य को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम अंतर्गत सदगुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा आंखों की जांच के लिए एक निःशुल्क शिविर का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के प्रयास से भव्या गेस्ट हाउस दिलीपपुर मे हुआ। इस परोपकारी कार्य हेतु भव्या गेस्ट हाउस ने भी अपनी सारी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की। इस शिविर मे दर्जनों लोगों ने ना सिर्फ अपनी आंख की जांच करवाई बल्कि चश्मा भी बनवाए। सदगुरु सेवा संघके डाक्टर पंकज गुप्ता से बात करने पर उन्होंने बताया की जांच में जिनको मोतियाबिंद की शिकायत होगी उन्हें आगामी 25 मई को चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय की बस द्वारा निःशुल्क उन्हें चित्रकूट ले जाया जाएगा। ऑपरेशन रहना खाना एवम सब फ्री रहेगा। संस्थान की बस उन लोगों को दिलीपपुर से ले जाएगी तथा ऑपरेशन के पश्चात निःशुल्क लाकर इनके गंतव्य स्थान पर छोड़कर जाएगी। शिविर मे नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर पंकज गुप्ता के साथ डाक्टर पंचदेव मिश्रा परामर्श दाता विनय मिश्रा चश्मा विशेषज्ञ बृजेश यादव एवं मेडिसिन विभाग से नरोत्तम सिंह ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, मदन पाल, अविनाश सिंह, रवि शंकर, युवा मोर्चा के अन्य साथियों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने मे लगे रहे।

## खबर संक्षेप

### दहेज हत्या की वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्ता सुनीता देवी पत्नी शिवदास निवासी गोराजू थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में विभिन्न थानो व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 214 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा दो वाहन से 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त गिरधारी पुत्र जगन्नाथ निवासी स्माइलपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# एन. डी. गर्ल्स/ब्वायज इं. कॉलेज के छात्र छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

### 100% रहा परीक्षा परिणाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एन .डी. गर्ल्स/ ब्वायज इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा आज दिनांक 25 अप्रैल 2023 को हुआ परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र एवं छात्राओं तथा अध्यापकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और बधाई दिया हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में आदित्य कुशवाहा 84.33 %, प्रियांशु सिंह 82.50 % , आदित्य पटेल 82.17 %, , श्रद्धा शुक्ला 82%, अभिषेक कुमार 81.83%, विवेक त्रिपाठी 80.50%, अनुराधा यादव 80.33%, पंकज कुमार, 78.83%, अंशिका कुशवाहा 77.67%, मोनिका 76.67% तथा कृष्णा मिश्रा ने 76.67% अंक प्राप्त किया वही इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में प्रदीप कुमार 91%, दीपक मौर्य 89.40%, प्रिया कुशवाहा ने 81.20%, कृतिका विश्वकर्मा 80.80%, दीपांजलि प्रजापति 80.40%, अशोक कुमार 77.80%, सिमरन निशा 67.60%, दीपांशु कुशवाहा 66.80%, अंशु पाल 66.60%, पुष्पेंद्र कुमार 65.20%अंक प्राप्त किया। संस्थान के



जश्न मनाते शिक्षक और छात्र

चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और अपने संदेश में कहा कि सफलता कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम होता है शिक्षा के ही माध्यम से परिवार ,समाज ,देश का विकास संभव होता है शिक्षा प्राप्त करना सभी का मूल अधिकार होता है संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके इस परीक्षा परिणाम पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि शिक्षा के ही माध्यम से आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। रिजल्ट कार्यक्रम के दौरान एन .डी . स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार मिश्रा आर .पी .चतुवेर्दी बद्री विशाल शुक्ला रणजीत सिंह, मुकेश पांडे ,प्रशांत केसरवानी, नीरज शर्मा सचिन त्रिपाठी ,नीरज त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिलचस्प मोड़ पर नगर पंचायत चायल का चुनाव

### नगर पंचायत चायल के चुनाव में दलीय प्रत्यासी के ऊपर भारी पड़ रहे निर्दलीय प्रत्यासी

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव का मतदान एक सप्ताह बाद होना है। चुनावी समर में दलीय और निर्दलीय प्रत्याशी जोर आजमाइश के लिए चुनाव मैदान में कूद पड़े हैं। नगर पंचायत चायल में दलीय प्रत्यासी प्रभाव छोड़ने में असफल दिखाई दे रहे हैं जिसका लाभ निर्दलीय प्रत्यासी पूरी तरह से उठाने में कामयाब हो रहे हैं अब देखना यह है कि जीत का ताज दलीय प्रत्यासी के सिर पर होगा या फिर निर्दलीय प्रत्यासी के सिर पर यह तो भविष्य तय करेगा लेकिन नगर निकाय के चुनाव में अनेकों प्रत्यासी हिस्सा ले चुके हैं और नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव चिन्ह भी हासिल कर चुके हैं। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है जनता को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए सभी प्रत्यासी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि इस बार नगर पंचायत चायल का चुनाव बड़ा ही दिलचस्प होने वाला है इस बार के चुनाव में दलीय प्रत्यासी के ऊपर निर्दलीय प्रत्यासी भारी पड़ेंगे इसका मुख्य कारण टिकट बटवारा और नगर के विकास का मुद्दा बताया जा रहा है। नगर पंचायत चायल की जनता का मन और मूड निर्दलीय प्रत्यासी की ओर घूम रहा है। लोगों की माने तो नगर पंचायत चायल की जनता इस बार के चुनाव में कर्मठ, शिक्षित, योग्य एवं ईमानदार प्रत्यासी राम सूचित चुनाव चिन्ह अनार पर मतदान करने का मन पूरी तरह से बना लिए हैं।

### मतदाताओं को चैन पट्टी बांटकर चुनाव जीतना चाहते हैं प्रत्याशी

**कौशाम्बी।** नगर निकाय के चुनाव में एक दूसरे को पीछे छोड़ने के चक्कर में प्रत्याशियों की तिजोरी खोल दी है नगर पंचायत चरवा में अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी ने मतदाताओं के बीच चांदी की चैनपट्टी बांटना शुरू कर दिया है हालांकि बताया जाता है कि मतदाताओं के बीच चांदी की चैनपट्टी बांटने वाला यह प्रत्याशी चुनाव की लड़ाई में दूर-दूर तक नहीं है केवल एक राजनैतिक दल के प्रत्याशी को हराने के लिए वोट कटवा के रूप में यह प्रत्यासी चुनाव मैदान में खड़ा हुआ है मतदाताओं के बीच प्रत्याशियों द्वारा चैन पट्टी बांट दिए जाने के बाद उनके पक्ष में मतदाता कितना मतदान करेंगे यह तो भविष्य के गर्त में है लेकिन चैन पट्टी बाटने के बाद प्रत्याशी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और वही मतदाता चैन पट्टी लेने के बाद प्रत्याशी की खिल्ली उड़ा रहे हैं।

### प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार में उतरी महिलाएं



**करारी कौशांबी।** नगर पंचायत करारी से निर्दलीय प्रत्यासी महताब अंसारी के सम्मान में महिलाएं चुनाव मैदान में उतर आई है और नगर पंचायत करारी क्षेत्र में घूम घूम कर महिलाएं मतदाताओं से मिलकर महताब का चुनाव प्रचार कर रही हैं प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक महताब अंसारी के पक्ष में मुस्लिम हिंदू महिलाएं लम्बे झुंड के साथ डोर टू डोर जाकर महताब के पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रही है महताब के समर्थन में प्रचार को देखकर सत्ता पक्ष से लेकर विपक्षी तक के प्रत्याशियों की नींद उड़ गई है महताब के समर्थकों ने करारी कस्बे के मोहल्लों में जनसंपर्क तेज कर दिया है महताब भी कस्बे के विभिन्न वार्डों में जाकर विकास के मुद्दे पर मतदाताओं से चुनाव निशान स्कूटर पर वोट मांग रहे है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

### जानकारी को और बढ़ाएं , मलेरिया से जान बचाएं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों व शैक्षणिक संस्थानों आदि पर पर विविध कार्यक्रम हुए। शिविर, गोष्ठी, परिचर्चा एवं घर घर जाकर जनपदवासियों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मच्छरों का प्रकोप पहले सिर्फ बारिश के दौरान और बारिश के बाद दिखता था जबकि अब 2-3 महीने छोड़ दीजिए तो पूरे साल ही दिखते हैं। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर मलेरिया रोकने के लिए अब छिडकाव का कार्य पूरे साल चलेगा। साथ ही हमारी स्वास्थ्य टीमें सर्वाधिक मच्छर वाले इलाकों को चिन्हित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस बार विश्व मलेरिया दिवस की थीम ह्लशून्य मलेरिया देने का समय : निवेश, नवाचार, कार्यान्वयनह्व है। इस थीम का उद्देश्य वैश्विक उन्मूलन लक्ष्यों को प्राप्त करने में नवाचार की ओर ध्यान आकर्षित करना और उनको जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना है। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में संचालित संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्त्रोतों को नष्ट कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग भी कराया जा रहा है। इस कार्य में नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच व उपचार की सुविधा जिला मुख्यालय के अलावा सभी सीएचसी/पीएचसी पर उपलब्ध है। शासन के निर्देशानुसार आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र में जाकर रोगी की पहचान कर रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट ( आरडीटी) किट से त्वरित जांच कर रही हैं। इसके लिए समस्त आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित भी किया गया है। जांच में मलेरिया धनात्मक पाए जाने पर जल्द से जल्द रोगी का निःशुल्क पूर्ण उपचार किया जाएगा।



मलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक

#### हफ्ते भर में अंडा बन जाता है मच्छर

कौशाम्बी मलेरिया का प्रसार मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से होता है। एक अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में पूरा एक सप्ताह का समय लगता है। इस कारण सप्ताह में एक बार एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाता है। यदि किसी जलपात्र में पानी है तो उसे सप्ताह में एक बार जरूर खाली कर दें। जैसे कूलर, गमला, टीन का डिब्बा, नारियल का खोल, डिब्बा, फ्रिज के पीछे का डीफ्रास्ट ट्रे की सफाई हमेशा करते रहना आवश्यक है। मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति का समय से इलाज शुरू होने पर जान जाने का खतरा कम हो जाता है।

#### बचाव के लिए क्या करें

कौशाम्बी मलेरिया से बचाव के लिए रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। आसपास दूषित पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। साफ-सफाई रखनी चाहिए। बुखार होने पर तत्काल आशा से संपर्क करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर परामर्श लें। सही समय पर निदान उपचार होने से रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है।

# समय के साथ कम होने लगे मलेरिया मरीज : सीएमओ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** वर्ष 2021 में 38 मरीज, वर्ष 2022 में 20 मरीज और वर्ष 2023 में अब तक 3 मरीज। यह है जनपद में मलेरिया मरीजों का आंकड़ा। ध्यान से देखें तो साल दर साल मलेरिया मरीजों का आंकड़ा कम हो रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मलेरिया के हिसाब से जनपद के क्षेत्रों में मलेरिया बीमारी के बारे में प्रचार किया जा रहा हैं। साथ ही सफाई, छिड़काव, फोगिंग अदि भी कराई जा रही है। विश्व मलेरिया दिवस पर इस वर्ष की थीम टाइम टू डिलीवर जीरो मलेरियाः इन्वेस्ट, इनोवेट, इम्प्लीमेंट है।

इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि लोग मलेरिया के प्रति जागरूक हों। इसी क्रम में इस दिवस पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर गोष्ठी और शिविर आदि के आयोजन होंगे। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक घातक बीमारी




है। यदि कुछ इस तरह के लक्षण हों तो जांच तुरंत कराएं। चार से आठ घंटे के चक्र में बुखार, सिरदर्द, शरीर दर्द, ठंड लगना, पसीना आना और मिचली व उल्टी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करें। उनकी मदद से प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखा कर उनकी सलाह पर मलेरिया की जांच कराई जानी चाहिए। समय से जांच व इलाज न होने से मलेरिया जानलेवा हो सकता है । मलेरिया की दवा बीच में नहीं छोड़नी है। लक्षण समाप्त होने पर भी मलेरिया का पूरा इलाज करवाना है। जिला स्तरीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएची), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स (एचडब्ल्यूसी) पर मलेरिया की जांच उपलब्ध है। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि मलेरिया निरीक्षकों की टीम जिले में मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए संबंधित विभागों और सामुदायिक योगदान के जरिये अभियान में जुटे हुए हैं, लेकिन लोगों की सतर्कता अधिक आवश्यक है। मलेरिया दिवस से पूर्व जिला स्तरीय मलेरिया टीम एवं डब्लूएचओ के डॉ शाश्वत ने सीएचओ के साथ बैठक कर जनपद को मलेरिया मुक्त करने के लिए नीति पर चर्चा की,साथ ही मलेरिया स्लाइड बनाने के बारे में भी जानकारी दी गई।

# किसके सह पर चल रहा छेकवा में अवैध मोरंग खनन का कारोबार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी कनैली अंतर्गत छेकवा गांव में शाम होते ही दर्जनों ट्रैक्टर के साथ अवैध बालू खनन का कारोबार शुरू हो जाता है जो रात भर बेखौफ तरीके से ट्रैक्टरों में बालू लोडिंग अनलोडिंग चलता रहता है जो सुबह तक बगैर किसी प्रशासनिक भय तथा डर के माफियाओं द्वारा मोरंग के अवैध खनन को संचालित कर दर्जनों ट्रैक्टर बालू निकाला जाया करता है। जिस अवैध कृत्य को जान कर जान बूझ कर स्थानीय पुलिस चौकी भी पूरी तरह से अनजान बनी हुई है। सूत्र बताते हैं कि स्थानीय पुलिस चौकी द्वारा अवैध बालू कारोबारियों के काली कमाई से अपने हिस्से तक ही सीमित रहा करती है। सूत्र बताते हैं कि बालू के अवैध खनन में गांव के ही 4 व्यक्तियों द्वारा मौरंग का अवैध खनन किया जा रहा है। जिसकी जानकारी जनपद के खनन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को भी है। लेकिन खनन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा बालू के इन अवैध कारोबारियों के ऊपर कार्यवाही करने का साहस नहीं जुटाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो अवैध बालू खनन में लिप्त कारोबारियों द्वारा। 30 से 40 हजार रुपए की प्रति रात्रि को अवैध कमाई बालू खनन से हुआ करती है जिस बालू की अवैध काली कमाई से पुलिस प्रशासन से लेकर अन्य जिम्मेदार तक के हाथ बांधे गए हैं। जिससे अवैध बालू कारोबारियों के ऊपर कार्यवाही करने में जिम्मेदार असमर्थ दिखाई दे रहे हैं।

### 8 दिन से खराब ट्रांसफार्मर अंधेरे में परेशान ग्रामीण

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग ग्राम पंचायत में लगा ट्रांसफार्मर 8 दिन पूर्व खराब हो गया है जिससे गांव के एक मोहल्ले में अंधेरा हो गया मामले की शिकायत ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को ऑनलाइन भी की है और अवर अभियंता से लेकर एसडीओ तक को ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद भी खराब ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका जिस पर ग्रामीणों ने मामले की जानकारी अधिशासी अभियंता को भी दी लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है जिससे ग्रामीण भीषण गर्मी में समस्याओं से परेशान है अंधेरे में रहते रहते परेशान ग्रामीणों में विभाग के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है एक तरफ योगी सरकार का निर्देश है कि खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे के अंदर बदल दिया जाए लेकिन कौशांबी जिले में योगी सरकार के निर्देश विद्युत अधिकारी मानने को तैयार नहीं है जिससे ग्रामीणों की समस्याएं बढ़ गई हैं और 8 दिन से खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है ग्रामीणों ने डीएम कमिश्नर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए खराब ट्रांसफार्मर जल्द बदले जाने की मांग की है।

### तमंचा कारतूस के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त विनोद कुमार सरोज पुत्र रमेश सरोज निवासी मामा शाही का पुरवा मजरा सातो थाना कड़ाधाम को गंगा जी कछार अफजलपुर सातो से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुरेन्द्र तिवारी पुत्र पुरुषोत्तम तिवारी निवासी पहाड़पुर सुधवर थाना चरवा को कब्रिस्तान छोटा लालापुर से एक अदद तमचा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिद बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त पप्पू पुत्र स्व० सम्पत निवासी पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल को बिरनेर मोड के पास से एक अदद तमचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल को फकीराबाद पावर हाउस के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### जुआँ खेलते हुए सात अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदीपनघाट पुलिस द्वारा सात अभियुक्तों राजा तिवारी पुत्र लोकनाथ तिवारी निवासी सिरियावकला थाना चरवा दिनेश कुमार पुत्र मिठाई लाल निवासी सिरियावाकला थाना चरवा गप्पू पुत्र नसीर अहमद निवासी सिरियावांकला थाना चरवा राम बरन पुत्र नत्थू लाल निवासी मुजाहिदपुर थाना संदीपनघाट आफान पुत्र इरफान निवासी पक्का तालाब मूरतगंज थाना सदीपनघाट कमलेश पुत्र स्व भैरव प्रसाद निवासी मितवापुर थाना संदीपनघाट व रज्जू पुत्र असीने अहमद निवासी दरियापुर मझियादा थाना कोखराज को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 7800 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 4740 रुपए बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

## न्यूज झरोखा

### धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के सार्वाधिक छात्र छात्राओं ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया



**कौशाम्बी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया जिसमे हाईस्कूल में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी के सार्वाधिक छात्र छात्राओं ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्र छात्राओं कि इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक रामावतार त्रिपाठी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी तथा विद्यालय के प्रबन्धक रामसुभग त्रिपाठी ने मिष्ठान खिला कर छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### राब के साथ आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 143 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुरेश पुत्र छेतई सरोज निवासी गुलाम मोहम्मद का पुरवा थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब व राजकुमार पुत्र राम लखन निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सन्तोष पुत्र गया प्रसाद निवासी अतरसुइया थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व भिखई लाल पुत्र भगवत प्रसाद निवासी श्यामपुर उर्फ मल्हीपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व राधेश्याम निषाद पुत्र रामचन्द्र निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व संजय कुमार प्रजापति पुत्र स्व0 राम विलास निवासी रसूलपुर सोनी थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब व रावेन्द्र पुत्र सम्पत लाल सरोज निवासी खरका फकीराबाद थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जयचन्द सोनकर पुत्र बिलई निवासी रमसहाईपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राम आशीष पुत्र मैकू लाल निवासी भानीपुर थाना कड़ाधाम को ससैया तालाब के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सैय्यद मोहम्मद रिजवी पुत्र सुल्तान हैदर रिजवी निवासी कस्बा व थाना मंझनपुर को न्यायालय पुलिया भडेसर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### नाजायज चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र राजकुमार निवासी अलीपुर जीता थाना कड़ाधाम को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से ग्यारह थाना सराय अकिल से दो थाना पिपरी से एक कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# आजादी के 7 दशक बाद भी पंगु दिखाई पड़ रही न्याय व्यवस्था!

### पीएसी जवान की जमीन पर गुंडों ने किया कब्जा न्याय के लिए अधिकारियों की चौखट पर भटक रहा पीएसी जवान, प्रयागराज में रहने वाले एक पुलिस अधिकारी के नाम पर बीते तीन दशक से गुंडों ने दर्जनों लोगों की जमीनों पर किया कब्जा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** आजादी के 7 दशक बाद भी पिपरी थाना क्षेत्र में गुंडों का आतंक अभी भी कायम है इलाके के गरीब और आमजन की जमीन पर कब्जा करना इन गुंडों की आदत में शुमार है तमाम प्रार्थना पत्र देने के बाद भी गुंडों पर पुलिस कार्यवाही नहीं कर पाती है बताया जाता है कि प्रयागराज में शहर में रहने वाले एक पुलिस अधिकारी का इन गुंडों को समर्थन मिला है जिससे गुंडे बेखौफ है और पुलिस भी गुंडों पर कार्यवाही नहीं कर पाती है न्याय के लिए वर्षो से इलाके के लोग अधिकारियों की चौखट पर दौड़ते रहते हैं लेकिन लोगों की सुनवाई नहीं हो पाती है इसी तरह का एक मामला पिपरी थाना क्षेत्र के कादिरपुर आदमपुर बिसौना की आराजी संख्या 117 का है जिस पर राजस्व अभिलेखों में जयराज सिंह पीएसी जवान पुत्र जगदेव के नाम दर्ज है लेकिन राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज होने के बाद अपनी पैतृक संपत्ति में जयराज सिंह काबिज नहीं हो पा रहे हैं इनके अलावा भी दर्जनों लोगों की जमीन पर जबरिया गुंडों ने कब्जा कर रखा है जिन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है इलाके में किसी बाहुबली अतीक से इनका आतंक कम नहीं है आजादी के 7 दशक बाद भी न्याय व्यवस्था पंगु दिखाई पड़ रही है कई बार पीएसी जवान जयराज सिंह ने अपनी जमीन पर निर्माण करने का प्रयास किया लेकिन गांव के गुंडे किस्म के लोगों ने उनकी जमीन में उन्हें निर्माण नहीं करने दिया तमाम साथियों की फौज लेकर गुंडे पीएसी जवाब की जमीन पर पहुंच जाते हैं और बिना किसी अधिकार के बलपूर्वक निर्माण रोक देते हैं पुलिस तमाशबीन बनकर रह जाती है पुलिस को झूठी शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जयराज सिंह की पैतृक जमीन पर हो रहे निर्माण को पूर्व में गुंडों ने रुकवा दिया। बताया जाता है कि प्रयागराज शहर में रहने वाले एक पुलिस अधिकारी का नाम बदनाम कर जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडे थाना चौकी पुलिस पर अधिकारी के नाम पर धौस जमा कर एक तरफ जहां आम जनमानस की जमीन पर कब्जा कर नाजायज फायदा उठाते हैं वही मजलूम कमजोर लोगों का गुंडे लगातार तीन दशक से शोषण कर रहे हैं लेकिन शिकायती प्रार्थना पत्रों के बाद भी आम जनमानस को न्याय नहीं मिल पा रहा है सपा सरकार में भी इन गुंडों का आतंक कायम था और भाजपा की योगी सरकार में भी गुंडों का आतंक इलाके में कायम है। राजस्व अभिलेखों के मुताबिक जमीन रुकवाने वाले राज सिंह पुत्र राममगन सिंह आदि का आराजी संख्या 117 पर कोई अधिकार नहीं है अभिलेखों में नाम ना होने के बाद भी राज सिंह जबरिया बीते कई दशक से जमीन पर काबिज है लेकिन फिर भी थाना और चौकी पुलिस बराबर राज सिंह का सहयोग देकर जयराज सिंह पीएसी जवान को परेशान कर रही है सपा सरकार में कानून व्यवस्था चौपट होने की बात करने वाली भाजपा की योगी सरकार में भी न्याय की धज्जियां उड़ रही है। बताया जाता है कि जयराज सिंह पीएसी जवान है सेनानायक 48वी आईआर वाहिनी सोनभद्र के सेनानायक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने भी पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर पीएसी जवान को न्याय देने की अपील की है लेकिन उसके बाद भी पीएसी जवान को कौशांबी की कानून व्यवस्था में न्याय नहीं मिल सका 18 अक्टूबर 2021 को जय राज सिंह पीएसी जवान ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की थी इसके बाद दर्जनों शिकायती प्रार्थना पत्र अधिकारियों को दिए गए लेकिन जांच के नाम पर झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायती प्रार्थना पत्रों का लगातार निस्तारण होता रहा लेकिन गुंडों के बढ़ते वर्चस्व के आगे कार्यवाही नहीं हो सकी।

पिपरी थाना क्षेत्र की पुलिस का खेल भी निराला है अभिलेखों में दर्ज सच को झूठलाते हुए आला अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक को गुमराह करने में पिपरी थाना पुलिस को महारत हासिल है आईजीआरएस संख्या 400 1742 200 1227 में शिकायत करने के बाद तत्कालीन चौकी इंचार्ज रहीमाबाद थाना पिपरी किशन कुमार बिंद उप निरीक्षक ने पीड़ित का बयान दर्ज कर राजस्व अभिलेखों की सच्चाई देखने के बजाय आरोपी राज सिंह का बयान दर्ज करते हुए शिकायती पत्र के निस्तारण में लिखा है कि आवेदक के वह सहपाटीदार हैं जबकि राजस्व अभिलेखों में पीएसी जवान के सह पाटीदार राज सिंह नहीं है चौकी इंचार्ज ने शिकायती पत्र के निस्तारण में लिखा है कि सहपाटीदार से जमीन खरीदा है शिकायतकर्ता का बयान दर्ज करने के बजाय पुलिस बार-बार आरोपी का बयान दर्ज कर रही है शिकायती पत्र के निस्तारण में पिपरी पुलिस का कहना है कि विपक्षी द्वारा बताया गया है कि परेशान करने की नियत से भिन्न भिन्न चौकी क्षेत्र में शिकायतकर्ता प्रार्थना पत्र पीएसी जवान दे रहा है जबकि चौकी इंचार्ज द्वारा दी गई रिपोर्ट पूरी तरह से मनगढ़ंत और झूठी है आखिर किस दबाव में चौकी इंचार्ज ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर झूठी सूचना देकर शिकायती पत्र का निस्तारण किया है जिससे पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका और योगी सरकार के कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं चौकी इंचार्ज के इस झूठे कारनामे पर वर्षो बीत जाने के बाद भी तत्कालीन चौकी इंचार्ज रहीमाबाद के झूठे कारनामे पर विभागीय जांच कराकर चौकी इंचार्ज पर बिभागीय कार्यवाही नहीं हो सकी है इस प्रकरण पर यदि पुलिस अधिकारियों ने फिर से जांच कराई तो तत्कालीन चौकी इंचार्ज रहीमाबाद उपनिरीक्षक किशन कुमार बिंद पर कठोर कार्रवाई होना तय है। लेकिन झूठे तरीके से शिकायती पत्रों के निस्तारण का खुलासा होने के बाद क्या चौकी इंचार्ज पर पुलिस अधिकारी कार्यवाही कर पाएंगे यह योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जन संपादकीय

# वन के व्यापार में बेदखल होते आदिवासी

राज कुमार सिन्हा

**पर्यावरण** बचाने के नाम पर धन भी बहुत है, लेकिन पूंजीवादी सोच के कारण सब कुछ व्यापारिक दृष्टिकोण से किया जा रहा है। इससे न तो जंगल और न ही पर्यावरण बच पा रहा है। आदिवासियों के बारे में कहा जाता है कि वे आज के लिए कमाते हैं और भविष्य की नहीं सोचते। उनका विश्वास है कि जल, जंगल, जमीन आधारित प्राकृतिक व्यवस्था उनकी जरूरत पूरी कर देगी। जो संसाधन जीवन देता है उसको आराध्य मानना उनकी संस्कृति का हिस्सा है। आदिवासियों के लिए जंगल मंदिर होता है और पेड़ उनके देवता। देश के 625 जिलों में से 190 जिलों में आदिवासी निवास करते हैं, जहां 65 प्रतिशत जंगल हैं। यह इसलिए हुआ क्योंकि आदिवासी ने हर समय जंगल को जीवनदायी व्यवस्था के रूप में माना और यही बात उनकी समाज व्यवस्था की विशेषताओं को चिन्हित करती है। जरूरत से ज्यादा उपयोग नहीं करने एवं कम आवश्यकता वाली अर्थनीति, अपनी जमीन एवं जंगल के मालिक न होकर सहोदर रहने एवं दोहन न करके समान रूप से हिस्सेदारी करने की उनकी आर्थिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक व्यवस्था रही है। उनके संसाधनों पर समाज की मालिकी मानी जाती थी और उनका सामूहिक तौर पर इस्तेमाल करने की प्रथा थी। ब्रिटिश हुकूमत ने जंगल की लूट के लिए कानूनी ढांचा तैयार कर जंगल को नियंत्रित करना शुरू किया जिसके विरुद्ध भारत की अनेकों जन-जातियों ने अभूतपूर्व संघर्ष किया। इसमें लाखों आदिवासी शहीद हुए।

आजादी के बाद विकास के नये दौर में आदिवासी इलाकों में पाये जाने वाले संसाधनों की जरूरत बढ़ने लगी। जिन वस्तुओं का अभी तक कोई मूल्य नहीं था, वे मूल्यवान होती गईं। आदिवासी समुदाय अपने तौर से इन संसाधनों का उचित उपयोग करके शांति से जिंदगी बिताता था। आदिवासी का उनके नये उपयोग से कोई सरोकार नहीं रहा। उनके लिए इमारती लकडी खेती की बाग बनाने, लौह-अयस्क को पत्थर और नदियों को पवित्र मानने के मूल्य थे, लेकिन आज की औद्योगिक व्यवस्था में आदिवासी इलाकों में पाई जाने वाली हर चीज का नया मूल्य हो गया। नदी-घाटी पर बांध बनाकर सिंचाई एवं बिजली बनाने और औद्योगिक वस्तुओं के निर्माण के लिए खनिज आवश्यक है। जंगल नई सभ्यता की तरह-तरह की जरूरतों को पूरा करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी हो गए हैं। आदिवासी विकास के रास्ते में बाधक और अवांछनीय हो गया है और उसके साथ जबरदस्ती बेदखली और विस्थापन का दौर शुरू हो गया। जो भी आदिवासी समुदाय के संवैधानिक अधिकारों और न्याय के लिए आवाज उठाता है, उस पर विकास विरोधी होने और 'अर्बन नक्सल' का ठप्पा लगाकर मुद्दे को खारिज करने का खेल शुरू हो जाता है। वर्ष 1980 में लागू हुए 'वन संरक्षण अधिनियम' के बाद वर्ष 2004 तक देश की 11,282 विकास परियोजनाओं के लिए 9.81 लाख हेक्टेयर वनभूमि का गैर-वनीकरण किया गया। वर्ष 2004 से 2013 के बीच 4.07 लाख हेक्टेयर वनभूमि विकास परियोजनाओं एवं तेल और खनन के लिए गैर-वनीकरण में परिवर्तित की गईं। 'केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री' ने 20 मार्च 2020 को संसद में जानकारी दी कि 2014-15 से 2018-19 के बीच 'वन संरक्षण अधिनियमझ्र 1980' के तहत 69,414.32 हेक्टेयर वनभूमि, 3616 परियोजनाओं के लिए दी गई। हाल के 2023 के संसद के शीतकालीन सत्र में पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनीकुमार चौबे ने सदन में जानकारी दी कि पिछले पांच सालों में 88,903.80 हेक्टेयर वनभूमि अलग-अलग प्रोजेक्ट के लिए गैर-वानिकी उद्देश्य से परिवर्तित की गई है। मध्यप्रदेश के संदर्भ में देखें तो 1980 से 2021-22 तक विभिन्न परियोजनाओं के लिए 2,87,336.711 हेक्टेयर वनभूमि, गैर-वनभूमि में परिवर्तित की गई है। वनक्षेत्र में आयी कमी, जंगल की जमीन का अवमूल्यन तथा परती भूमि में आयी बढ़त के कारण 'पर्यावरण संरक्षण' या पर्यावरण को बचाने की आवाजें तेज हुई हैं। इसी तरह 'ग्लोबल वार्मिंग' का मुद्दा पर्यावरण के क्षरण की तरफ ध्यान खींचता है। पर्यावरण संरक्षणवादियों का उद्देश्य है कि जंगल में बसे आदिवासी समुदाय के पारम्परिक अधिकारों को आमान्य कर जंगल से बेदखल किया जाए, ताकि जंगलों को फिर से हरा - भरा किया जा सके और उसमें वन्यजीवों का संरक्षण किया जा सके। आज भारत में पूरे वनक्षेत्र के सिर्फ 4 प्रतिशत पर संरक्षित (अभ्यारण्य, राष्ट्रीय-उद्यान, बॉयोस्फियर) क्षेत्र हैं। इसे 16 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है। इसलिए मध्यप्रदेश में 10 'राष्ट्रीय-पार्क' और 25 'अभयारण्य' के बावजूद 2021 में 11 नये 'अभयारण्य' बनाने की दिशा में काम हो रहा है। 10 'राष्ट्रीय-पार्क' में से 6 को 'टाईगर रिजर्व' घोषित कर 'कोर' एवं 'बफर' जोन के नाम पर सैकडों आदिवासी गांवों को हटाया जा रहा है। 'रातापानी (रायसेन एवं सीहोर जिले में फैले) अभयारण्य' को 'टाईगर रिजर्व' बनाने के नाम पर 32 गांवों के हजारों परिवारों को हटाए जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। मध्यप्रदेश सरकार के 'प्रधान मुख्य वन संरक्षक' कार्यालय ने 20 अक्तूबर 2020 को 37 लाख हेक्टेयर बिगडे-वनों को 'पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप' (पीपीपी) मोड पर निजी कम्पनियों को देने का आदेश जारी किया था, परन्तु विरोध के बाद इसे रोका गया। इसी 'संरक्षित वन' में से लोगों को 'वनाधिकार कानून - 2006' के अन्तर्गत 'सामुदायिक वन निस्तार हक्क' या 'सामुदायिक वन संसाधनों' पर समुदाय का अधिकार दिया गया है या दिया जाने वाला है। अगर ये 37 लाख हेक्टेयर वनभूमि उद्योगपतियों के पास होगी, तो फिर लोगों के पास कौन सा जंगल होगा? 'इंडिया स्पेंड' की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार देश के 10 लाख आदिवासियों से जमीन छीनकर कारोबारियों को दे दी गई है।

# जाति जनगणना होगी बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि

राम पुनियानी

**विभिन्न** हाशियाकृत समुदायों की आबादी का ठीक-ठीक अंदाजा लगाया जाए और सरकार की नीतियों में इस तरह के परिवर्तन किये जाएं जिससे अवसरों की असमानता समाप्त हो और समाज में बराबरी आ सके। रोहित वेम्युला और दर्शन सोलंकी जैसे युवा विद्यार्थियों की आत्महत्या यह रेखांकित करती है कि हमें एससी,एसटी व ओबीसी के बारे में व्याप्त पूर्वाग्रहों को समाप्त करना है। इस साल 2023 बाबासाहेब आंबेडकर की 132वीं जयंती पिछले वर्षों की तुलना में बहुत जोर-शोर से मनाई गई। बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों ने इसमें भागीदारी की। अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों, जिनके वे मसीहा हैं, के लिए यह एक बहुत बड़ा उत्सव था। आंबेडकर के योगदान को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वीकारा गया और 150 से अधिक देशों में कार्यक्रम आयोजित हुए। जो व्यक्ति और समूह सामाजिक न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और जन्म-आधारित ऊंच-नीच और अन्याय के खिलाफ हैं उन्होंने अत्यंत श्रद्धा से आंबेडकर को याद किया और आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में देश और दुनिया आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलेगी। इस सन्दर्भ में यह भी ध्यान देने की बात है कि आंबेडकर जयंती मनाने के तरीके में धार्मिकता का रंग घुलता जा रहा है और उनके मूल्यों को याद करने की बजाय जोर औपचारिक समारोहों पर है। निश्चित रूप से बाबासाहेब के सपनों को पूरा करने के लिए अनवरत संघर्ष की जरुरत है। दूसरी ओर अनेक ऐसे समूह व संगठन हैं जो उन सिद्धांतों व मूल्यों के एकदम खिलाफ हैं जिनके लिए आंबेडकर ने जीवन भर संघर्ष किया। जैसे 'हिन्दू राष्ट्रवादी' आरएसएस और उससे प्रेरित अन्य संगठन बाबासाहेब के एक मुख्य लक्ष्य 'जाति के उन्मूलन' के पूर्णतः विरूद्ध हैं। वे 'जातियों के समन्वय' की बात करते हैं। आंबेडकर समाज के वंचित वर्गों के हित में सकारात्मक कदम उठाए जाने के पक्ष में थे। शुरू में केवल 10 वर्षों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था। संभवतः



आंबेडकर को उम्मीद थी कि हिन्दू समाज में फैली द्वेष भावना को जड़ से समाप्त करने के लिए 10 वर्ष पर्याप्त होंगे। उन्होंने शायद इस तथ्य की ओर ध्यान नहीं दिया कि नीतियों पर अमल उच्च जातियों के अभिजात वर्ग के माध्यम से होगा। उच्च जातियों के अभिजात वर्ग ने एससी/एसटी वर्ग के लिए आरक्षण की नीति के अमल में बाधाएं खड़ी कर दीं जिसके चलते आरक्षण आज भी जारी रखना पड़ रहा है। और सामाजिक न्याय की मंजिल की ओर आगे बढ़ने के लिए यह आवश्यक भी है। संविधान, जिसका मसविदा उनकी अध्यक्षता में तैयार किया गया, में एससी व एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था किंतु अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को छोड़ दिया गया। ओबीसी समाज का एक बड़ा हिस्सा हैं, जिसकी ओर लंबे समय तक समुचित ध्यान नहीं दिया गया। सन्‍ 1931 के बाद से किसी जनगणना में उनकी गिनती नहीं की गई। सन्‍ 1931 की जनगणना के अनुसार उस समय आबादी में ओबीसी का प्रतिशत 52 था। इसी आधार पर 1990 में इनके लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। सकारात्मक कदमों के कुछ प्रावधान किए गए थे लेकिन उन पर ठीक से अमल मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद ही हो पाया। आरक्षण समाज के कुछ वर्गों की आंख की किरकिरी है और उन्होंने 'यूथ फॉर इक्वालिटी' जैसे समूहों का गठन किया है जो आरक्षण के प्रावधान को समाप्त करने के पक्ष में हैं। यह कहा जाता रहा है कि आरक्षण का लाभ उठाकर 'अयोग्य लोग' नौकरी एवं शिक्षा के अवसर हासिल कर लेते हैं और जिनका इन पर हक होना चाहिए वे वंचित रह जाते हैं। इस सोच से दलितों और ओबीसी के बारे में पूर्वाग्रह जन्म लेते हैं और इन्हीं के चलते रोहित वेम्युला और दर्शन सोलंकी जैसे छात्रों को आत्महत्या करने पर विवश होना पड़ता है। यही पूर्वाग्रह 1980

इसी आधार पर 1990 में इनके लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। सकारात्मक कदमों के कुछ प्रावधान किए गए थे लेकिन उन पर ठीक से अमल मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद ही हो पाया। आरक्षण समाज के कुछ वर्गों की आंख की किरकिरी है और उन्होंने 'यूथ फॉर इक्वालिटी' जैसे समूहों का गठन किया है जो आरक्षण के प्रावधान को समाप्त करने के पक्ष में हैं। यह कहा जाता रहा है कि आरक्षण का लाभ उठाकर 'अयोग्य लोग' नौकरी एवं शिक्षा के अवसर हासिल कर लेते हैं और जिनका इन पर हक होना चाहिए

के दशक में अहमदाबाद में भड़की दलित-विरोधी हिंसा और 1985 में गुजरात में ओबीसी-विरोधी हिंसक प्रदर्शनों की जड़ में थे। भाजपा के हिन्दुत्ववादी नेतृत्व ने इन वर्गों में अपनी पैठ बनाने के लिए सोशल इंजीनियरिंग शुरू की और सामाजिक समरसता मंच जैसे संगठन स्थापित किए। इनसे भाजपा को चुनावों में भारी लाभ हुआ। यह इससे जाहिर है कि इन वर्गों के लिए आरक्षित चुनाव क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा सांसद व विधायक निर्वाचित हुए हैं। आरएसएस के प्रचारकों और स्वयंसेवकों की एक बड़ी फौज लंबे समय से दलित और आदिवासी इलाकों में काम कर रही हैं। वे परोपकार के कामों के साथ-साथ, सोशल इंजीनियरिंग भी करते हैं और आदिवासियों का हिन्दुकरण भी। हिन्दू दक्षिणपंथी, जाति प्रथा की बुराईयों के लिए आक्रान्ता मुस्लिम शासकों को दोषी बताते हैं। वे कहते हैं कि मुस्लिम शासन के पहले सभी जातियां बराबर थीं। भाजपा और उसके संगी-साथी आंबेडकर जयंती तो बहुत जोर-शोर से मनाते हैं परन्तु जाति जनगणना का विरोध करते हैं जबकि जाति जनगणना ही नीतियों में इस प्रकार के सुधारों की राह प्रशस्त कर सकती है जिनसे हाशियाकृत समुदायों को सच्चे अर्थों में लाभ हो। इस पृष्ठभूमि में राहुल गांधी का कर्नाटक के कोलार में दिया गया भाषण महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी ने जाति जनगणना की मांग का समर्थन किया और कहा कि हाशियाकृत समुदायों के हितार्थ उठाए गए सकारात्मक कदमों का प्रभाव सरकार के उच्च स्तर पर दिखलाई नहीं पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, भारत सरकार के सचिवों में से केवल सात प्रतिशत इन वर्गों से हैं। राहुल गांधी ने यह मांग भी की कि यूपीए सरकार द्वारा 2011 में करवाई गई जाति गणना की रपट सार्वजनिक की जाये। 'आंकड़ों से ही हमें पता चलेगा कि ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को आबादी में उनके हिस्से के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिल सका है या नहीं।' भाजपा इस मुद्दे से बचने का प्रयास कर रही है। जिस पार्टी की सरकार ने असम में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता पंजी) के निर्माण के लिए कठिन, जटिल और जनता के लिए त्रासद कवायद की।

# मिशन ऑपरेशन कावेरी तेजी से शुरू

एडवोकेट किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर मानवीय दैनिक जीवन और किसी ना किसी देश या फिर कुछ सामूहिक देशों या पूरे विश्व के देशों पर रोजमर्रा में कोई ना कोई विपत्ति, आपदा, घटना दुर्घटना भूकंप प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं विपदाओं सहित अनेक ऐसी घटनाएं होती रहती है जिससे उन देशों का शासन प्रशासन उनसे निपटने के लिए सक्रिय हो जाता है। जैसे कोरोना महामारी, रूस-युक्रेन युद्ध में नागरिकों का फंसा होना, भूकंप सहित इत्यादि घटनाओं का उदाहरण लिए दिया जा सकता है, जिसमें नागरिकों को बचाने के लिए अनेक ऑपरेशनों के रूप में कार्रवाई कर उस समस्या के निर्वाण का सकारात्मक परिणाम लाने के लिए जुट जाना पड़ता है, जो उन देशों की सरकारों, शासन प्रशासन का कर्तव्य भी है इसी कड़ी में वर्तमान में सूडान में जारी गृहयुद्ध के कारण सारी दुनिया के नागरिक वहां फंसे हुए हैं। सूडान की राजधानी खार्तूम में करीब पूरी दुनिया का अपना-अपना एंबेसी है जिसे अब हर देश उसे बंद करके अपने नागरिकों कर्मचारियों को सुरक्षित सूडान से बाहर अपने वतन वापस ले जाने के लिए सक्रियता से अभियान चलाए हुए हैं, जिसमें भारत भी शामिल है। चूंकि भारत में दिनांक 23 अप्रैल 2023 से अपने मिशन ऑपरेशन कावेरी शुरू कर दिया है जिसकी पहली खेप में करीब 500 भारतीयों को पोर्ट तक सुरक्षित पहुंचा दिया गया है, अब आईएनएस के जरिए भारत लाने की मुहिम जारी है, जिसमें एक कदम और आगे बढ़ाते हुए हमारे पीएम ने आज दिनांक 23 अप्रैल 2023 को केरल के एक कार्यक्रम में वहां विदेशमंत्री भेजे जाने और तैयारियों को सक्रियता से हैंडल करने की घोषणा भी की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे



मिशन ऑपरेशन कावेरी तेजी से शुरू। साथियों बात अगर हम ऑपरेशन कावेरी की करें तो, ऑपरेशन कावेरी सूडान में फंसे अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक मिशन है। फंसे हुए नागरिकों को घर वापस लाने के लिए भारतीय जहाजों और विमानों को तैनात किया गया है। मिशन का नाम कावेरी नदी के नाम पर रखा गया है। विदेश मंत्रालय ने प्रेस में बताया कि भारत सरकार सूडान में फंसे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर प्रयास कर रही है। हम सूडान में जटिल और उभरती सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। सूडान से बाहर निकलना चाह रहे भारतीयों की सुरक्षित निकासी के लिए भारत विभिन्न साझेदारों के साथ करीब से बातचीत कर रहा है। सूडानी हवाई क्षेत्र वर्तमान में सभी विदेशी विमानों के लिए बंद है। ओवरलैंड आंदोलन में जोखिम और तार्किक चुनौतियां बनी हुई हैं। एक तरफ विदेश मंत्रालय के अधिकारी सूडान के संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं, तो दूसरी तरफ अधिकारियों का एक पूरा दल सूडान के आसपास के देशों के संर्पक में है। मंत्रालय का कहना है कि नागरिकों की निकासी सुरक्षा स्थिति पर निर्भर करेगी।सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच पिछले कई दिनों से जारी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दो बलों की हिंसक झड़प में अब तक 400 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 3500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इस बीच भारत समेत कई देशों ने हिंसाग्रस्त देश से अपने नागरिकों को निकालना शुरू कर दिया है। भारत सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी चला रहा है। देश में हिंसा,तनाव औरअसुरक्षित हवाईअड्डों के कारण विदेशी नागरिकों को निकालना मुश्किल हो रहा है। इस बीच अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेजराजधानी खार्तूम में मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नियंत्रण करने कीकोशिश कर रहा है। फंसे हुए विदेशी नागरिकों में लगभग 3 हजार भारतीय हैं। वहीं, केरल के 48 वर्षीय व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो चुकी है। बता दें कि शुक्रवार दिनांक 21 अप्रैल 2023 को पीएम ने गृह युद्ध प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। बैठक में विदेश मंत्री ने भी हिस्सा लिया और सूडान के मौजूदा हालात के बारे में पीएम को अवगत कराया था। पीएम ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने हिंसा प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए ऑपरशन कावेरी शुरू कर दिया है और इसकी निगरानी केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री करेंगे। केरल में ह्ययुवमह्ल सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि केरल का बेटा, फंसे हुए लोगों को वापस लाने के अभियान की निगरानी करेंगे।

साथियों बात अगर हम पूरी दुनिया के देशों द्वारा सूडान से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने की करें तो,पूरे सूडान में इंटरनेट बैन होने की जानकारी भी सामने आई है।रविवार को ब्रिटेन के सशस्त्र बलों ने देश से ब्रिटिश राजनयिकों और उनके परिवारों को निकाला। सफल ऑपरेशन कीजानकारी देते हुए वहां के पीएम ने कहा कि दोनों पक्ष अपने हथियार डाल दें और तत्काल मानवीय युद्धविराम लागू करें।इससे पहले रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने अमेरिकी सैनिकों के साथ मिलकर वाशिंगटन के दूतावास को खाली कराया। शनिवार को भी सूडानी सेना ने चीन और फ्रांस के राजनयिकों को देश से बाहर सैन्य हवाई जहाज से निकालने में मदद की। इसी दिन सऊदी विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत, कुवैत, पाकिस्तान, कतर, मिस्त्र,संयुक्त अरबअमीरात, ट्यूनीशिया, बांग्लादेश,बुल्गारिया, कनाडा, फिलीपींस और बुर्किना फासो के नागरिकों के साथ-साथ अपने 91 नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। खार्तूम से 850 किलोमीटर दूर लाल सागर पर पोर्ट सूडान से कई देश अपने नागरिकों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम सूडान में संघर्ष के कारणों की करें तो, हालिया हिंसक घटनाओं की जड़ें तीन साल पहले हुआ तख्तापलट से जुड़ी हैं। दरअसल, अप्रैल 2019 में एक विद्रोह के बीच सैन्य जनरलों द्वारा लंबे समय से शासन कर रहे निरंकुश शासक को सत्ता से बेदखल कर दिया था। तब से सेना एक संप्रभु परिषद के माध्यम से देश चला रही है। सेना और आरएसएफ प्रतिद्वंद्विता राष्ट्रपति के शासन के समय से चली आ रही है।

# हम जो कुछ भी हैं वह हमारी सोच का परिणाम है...

-डॉ सत्यवान सौरभ

**इस** शब्द में हर कोई एक विचार या विचार के साथ आगे बढ़ रहा है। विचारों के परिणाम के बारे में सोचे बिना कोई भी उस पर आगे बढ़ना नहीं चाहता। लोग दो तरह के विचारों के साथ जीते हैं एक सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक। यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे अपने लिए क्या चुनते हैं क्योंकि विचार ही वह स्रोत है जो मनुष्य का निर्माण करता है। क्या आप वास्तव में सोचते हैं कि हम जो सोचते हैं हम वैसे ही बन जाते हैं? क्यों हर कोई एक सफल व्यक्ति बनने में इतना व्यस्त है क्योंकि वे जानते हैं कि यदि आप शांति के साथ एक आरामदायक जीवन जीना चाहते हैं तो आपको एक सफल व्यक्ति बनना होगा और वह आपकी अपनी सोच का परिणाम होगा। हर कोई अपने जीवन में जो चाहे हासिल कर सकता है लेकिन कुछ ही लोग अपने सपनों का पीछा कर पाते हैं क्योंकि हर कोई अपने विचारों के कारण एक अलग रास्ता चुनता है। परिवेश आपके अनुसार चलता है न कि आप परिवेश के अनुसार चलते हैं यह पूरी तरह आप पर निर्भर करता है कि आप कैसा परिवेश चाहते हैं या तो वह बुरा है या अच्छा, सही है या गलत और उसका विकास आपके विचारों पर निर्भर करता है कि आप जो भी बनेंगे उसका परिणाम होगा आपके अपने विचारों से। औपनिवेशिक शासन के समय जब हर कोई बिना किसी नए विचार के अपने जीवन और नींद में व्यस्त था, उस समय हमारे स्वतंत्रता सेनानी ब्रिटिश सरकार से आजादी पाने के लिए अपनी रणनीति बनाने में व्यस्त थे। सुभाष चंदर बॉस, चंदर शेखर आजाद, सरदार भगत जैसे सेनानी ये सभी नई सोच के साथ आते हैं क्योंकि वे एक स्वतंत्र, निडर या मजबूत भारत बनाना चाहते हैं। वे अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे कभी सफलता मिली तो कभी असफल लेकिन वे अपने विचारों पर अडिग रहे। यह बात ब्रिटिश सरकार को पसंद नहीं थी क्योंकि वह इस बात से अवगत थी कि एक बार जब भारत को आजादी मिल जाएगी तो ब्रिटिश सरकार शासन करने की शक्ति खो देगी। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता है स्वतंत्रता का विचार पूरे भारत में फैल जाता है और परिवेश स्वतंत्रता या स्वतंत्रता की आवाज से भर जाता है। उन तीन लड़ाकों के बाद कितने लोग महात्मा गांधी और अन्य नेताओं की तरह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ने आते हैं। और उसका परिणाम यह हुआ कि हमें ब्रिटिश शासन से आजादी मिल जाती है, यह सब इसलिए हो जाता है क्योंकि लड़ाके जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। हम दूसरा उदाहरण ले सकते हैं जिसके माध्यम से हम कह सकते हैं कि "हम जो कुछ भी हैं वह हमारे विचारों का परिणाम है"। अभी हम सभी एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं जहां हमारे पास संविधान है और कुछ मौलिक अधिकार हैं लेकिन इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में लोग अपनी मानसिकता के कारण संविधान के नियमों का पालन नहीं करते हैं, समानता के युग में महिलाओं को वह सम्मान नहीं मिलता है या सम्मान करें कि वे किस लायक हैं, ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग सोचते हैं कि महिलाएं केवल घर या बच्चों की देखभाल करने के लिए पैदा होती हैं, घर के बाहर उनकी कोई भूमिका नहीं होती है, उन्हें समाज में बोलने का कोई अधिकार नहीं है, ये सभी संकीर्ण दिमाग वाली चीजें विकसित होती हैं। समाज क्योंकि लोग जो सोचते हैं वे उसे लागू करते हैं और जो नहीं करना चाहिए वह बन जाते हैं। एक विचार आपके जीवन को बदल सकता है, हर किसी को अपने जीवन में एक निर्णय लेना होता है जो उनके पूरे जीवन को बदल सकता है इसलिए विचार को अपने जीवन में लागू करने से पहले परिस्थितियों या उस विशेष विचार के परिणाम का विश्लेषण करें क्योंकि वह निर्णय आपको बनाता है कि क्या आपको लगता है।

## फोकट की दावत

डॉ. सुरेश कुमार

**फोकट की** दावत वह भी महंगाई के दिनों में! वाह! सुनते ही पाचन तंत्र के सभी अंग खिलखिलाने लगे। बहुत दिनों के बाद उन्हें पचाने के लिए कुछ मिलने वाला है। वरना उन्हें संदेह हो रहा था कि वे शरीर के अंग हैं भी या नहीं। सब कुछ ठीक-ठाक था लेकिन चक्कर दावत के तरीके से था। अंग्रेजी में उस दावत की स्पेलिंग तो मुझे पता है किंतु उच्चारण करना कैसे है, यही मेरे लिए टेढ़ी खीर है। कभी बुफेट कहता हूँ तो कभी बफेट। कुछ लोगों के कहने पर बुफे तो कुछ लोगों के कहने पर बफे। मुझे अभी तक यह समझ नहीं आया कि मैं खाने जा रहा हूँ या दिमाग का दही बनाने। सामान्य भाषा में कहना हो तो खड़े होकर, हाथ में प्लेट लेकर दर-दर की ठोकरें खाते हुए परोसने वाले के पास पहुँचकर खाने को जो कुछ भी मिल जाता है उसे ही वो (बुफेट, बफेट, बुफे, बफे) कहते हैं। परोसिया भी ऐसा कि किसी कोड लैंग्वेज का पालन करने वाला रोबोट हो जैसे। वह परोसेगा भी ऐसे जैसे उसके घर से दे रहा है। दूसरी बार जाने पर वह ऊपर से नीचे ऐसे घूरता है कि तीसरी बार जाने से पहले शर्म के मारे मर ही जाएँ। आप मानें या न मानें हमारे लिए यह दावत किसी आफत से कम नहीं है। ऐसी दावतों में बड़ा सज-धजकर जाना पड़ता है। एकदम शोरूम के बुत की तरह। ऊपर से चंगे और भीतर से भूखे-नंगे। हॉल में जैसे ही बैठे, अचानक से भगदड़ मची। पता चला कि खड़ाखाऊ दावत के व्यंजनों पर से ढक्कन उतार दिए गए हैं। ऐसे समय में अब न चूक चौहान की तर्ज पर लंबी-लंबी कतारों में बाढ़ में बर्बाद हो गए किसी शरणार्थी की तरह राहतसामग्री हेतु खड़े होने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसी दावतों में पहले आओ अच्छा पाओ की स्मीक खुलेखाम धड़ल्ले से चलती है। देर हुई तो समझो गए काम से। हमारी हालत तो और भी बदतर थी।

हाथ में प्लेट लिए खाना तो दूर उसे देखने भर के लिए तरस रहे थे। मेरे एक मित्र की हालत तो लाएँ हैं तूफान से कश्ती निकालकर की तर्ज पर लाएँ हैं बिरयानी अपना कुर्ता फड़वाकर जैसी हो गई थी। इसलिए इन दावतों की अदाओं से कुछ अनुभवी लोग अपना परिधान बचाकर पूरा ध्यान खाने पर रखते हैं। कभी-कभी तो लगता है ऐसे विशेषज्ञों से इन दावतों में जाने का प्रशिक्षण ले लेना चाहिए।

## न्यूज झरोखा

### एएसपी ने परेड देख दिये दिशा-निर्देश



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस कर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया।
मंगलवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में भ्रमण कर परिवहन शाखा, मेस, कैंटीन, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने आदेश कक्ष में अर्दली रूम कर परेड आर्मर में मौजूद सभी अधिकारी/कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन बाबत जानकारी दी।
इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, दरोगा एपी रामदीन व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### एएसपी ने देखा मतगणना स्थल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकू।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने एसडीएम सदर राजबहादुर व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय के साथ चित्रकूट इण्टर कालेज स्थित नगर निकाय चुनाव के मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर तैयारी एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
मंगलवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान से वार्ताकर कालेज परिसर को देखा। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव के मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रुम की व्यवस्था जिलाधिकारी ने यहां की है। इसे बैरीकेटिंग कराकर और पुख्ता इंतजाम किये जाये। इस मौके पर कर्वी कोतवाली गुलाब त्रिपाठी व प्रधानाचार्य समेत अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### 27 तक सिखाया जायेगा योग




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में निःशुल्क तीन दिवसीय एक्यूप्रेशर एवं योग शिविर पुरानी बाजार स्थित गायत्री मंदिर में लगाया गया। ये योग शिविर 24 से 26 अप्रैल तक शाम पांच से सात बजे तक लगाया जा रहा है।
मंगलवार को एक्यूप्रेशर प्रो मनीषा केसरवानी महिलाओं को योग सिखा रही हैं। योग एवं घरेलू उपचार के बारे में मंजू केसरवानी, मीरा श्रीवास्तव, पद्मा सिंह अन्य पदाधिकारी बहनों समेत शिविर में लगभग एक सैकड़ा बहने लाभ ले रही हैं। उन्होंने बताया कि जो महिलायें योग शिविर का लाभ लेना चाहती हैं, वह भी शिविर में आ सकती हैं।

### मऊ में शार्ट-सर्किट से दो बीघा की फसल जलकर राख



**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र में शार्ट सर्किट से हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारियों से खेत में आग लगने से दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।
मंगलवा को मऊ तहसील क्षेत्र के गुइया खुर्द गांव में विमल कुमार पुत्र उमाशंकर के खेत में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी थी। अचानक खेत के ऊपर से गुजरी विद्युत तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारियों के गिरने से फसल में आग लग गई। यह देखकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने सामूहिक प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। अग्निकांड से कोई जनहानि व पशु हानि नहीं हुई। विमल कुमार की लगभग दो बीघे की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाते ही क्षेत्रीय लेखपाल ने अग्निकाण्ड से हुई क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट देने की बात कही है।

### नगर पालिका कर्वी में अध्यक्ष पद के हैं 14 प्रत्याशी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी के लिए नगरीय निकाय चुनाव को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नामांकन व जांच के बाद विधिमान्य उम्मीदवारों की सूची जारी की है।
मंगलवार को उन्होंने बताया कि नगर पालिका कर्वी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार कुशल सिंह पटेल बहुजन समाज पार्टी, जागेश्वर प्रसाद यादव समाजवादी पार्टी, नरेंद्र गुप्ता भारतीय जनता पार्टी, निरंजन कुमार कुशवाहा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, प्रमोद कुमार आम आदमी पार्टी, विनोद कुमार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, जयकरण जन अधिकार पार्टी तथा जवाहरलाल, निशि सोनी, फूलचंद, बद्री प्रसाद, मेहंदी हसन एवं सुरेश प्रसाद निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

# हर हाल में पात्रों को आवास से करें लाभान्वित: सीडीओ

## पात्रों के छूटने पर होगी कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सभी ग्राम विकास अधिकारी व सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत वर्ष 2023-24 को राज्य सरकार के बजट में किये प्रावधान के क्रम में विकासखंड को आवास निर्माण का भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य आवंटित करना है।
मंगलवार को उन्होंने बताया कि इसके लिए विकासखंड स्तर के वित्तीय वर्ष के मांग पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्राकृतिक दैवीय आपदा से ग्रसित, वनटांगिया, कुष्ठ रोग पीड़ित, जेईएस, एईएस, कालाजार से पीड़ित, मूसहर, कोल थारू, नट चेरो, पछिया लोहार, गढइया लोहार, बैगा एवं दिव्यांगजन श्रेणी जाति के पात्र लाभार्थियों का मांग पत्र हार्ड कॉपी, सॉफ्ट कॉपी में 30 अप्रैल तक परियोजना निदेशक ग्राम विकास अभिकरण कार्यालय को उपलब्ध करा दें।
प्राकृतिक दैवीय आपदा माह अक्टूबर 2022 में प्राकृतिक दैवीय आपदा से ग्रसित श्रेणी के तहत आवास विहीन तहसील स्तर से अक्टूबर 2022-23 के बाद प्राकृतिक आपदा से ग्रसित मुआवजा प्राप्त लाभार्थियों की सूची लाभार्थी वार पात्रता का सत्यापन करते पात्र लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराई जाये। दिव्यांगजन श्रेणी के तहत वर्ष



2023-24 को मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सुनिश्चित करें कि दिव्यांग श्रेणी के तहत पहले भेजे डाटाबेस में कोई आवास विहीन दिव्यांग पात्र लाभार्थी छूट गया हो तो नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ऐसे लाभार्थियों की सूची तैयार कर भेजी जाये।
कोल जाति के लाभार्थियों को आवास से लाभान्वित करना है। कोल जाति के तहत कोई आवास विहीन कोल जाति का पात्र लाभार्थी छूटा हो तो नियमानुसार कार्यवाही कर पात्र लाभार्थियों की सूची भेजें। कुष्ठ रोग पीड़ित लाभार्थियों को आवास से लाभान्वित करने को ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वे कर पात्रता-अपात्रता का सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों की सूची भेजी जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में पात्रों का विधिवत परीक्षण कर गाइडलाइन निर्धारित मानकों के अनुसार इस बाबत परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण के निर्देश के क्रम में शत-प्रतिशत पात्रों का स्थलीय सत्यापन कर सूची तीन दिन के अंदर कार्यालय भेजी जाये। इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। किसी भी दशा में पात्रों को छोडा न जाये। भविष्य में कोई मामला आने पर गंभीरता से लिया जाए। इसके लिए संबंधित सेक्टर प्रभारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# जिला अस्पताल में मरीजों को नि:शुल्क मिल रही डायलिसिस सुविधा: डॉ सुधीर शर्मा

## डॉ सुधीर शर्मा जिस दिन से आये हैं, जिला अस्पताल में दे रहे चौकस व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा आम जनता के लिए बेहद मददगार साबित हो रही है। जिला अस्पताल सोनेपुर में तीन मशीनों से लोगों को डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। अब तक तीन मशीनों से लगभग हजारों निःशुल्क डायलिसिस किए गए।
गौरतलब है कि शासन से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में किडनी सम्बन्धी बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए जिला अस्पताल सोनेपुर में संचालित निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा वरदान बनकर उभरी है। पहले डायलिसिस को मरीजों को जिले से बाहर जाकर महंगे खर्च करने पड़ते थे। आज जिले में ही एक दिन में ही 5-6 मरीज तक को सुविधा देने में जिला चिकित्सालय सक्षम है।
डायलिसिस को चिकित्सालय में भर्ती 32 वर्षीय दीनबंधु के परिजनों ने बताया कि वे लगातार जिला अस्पताल में डायलिसिस को आ रहें हैं। पहले डायलिसिस



कराने को बहुत सोचना पड़ता था। खर्चे संभालने पड़ते थे। आना-जाना फिर अस्पताल में चिकिस्ता का खर्च बहुत हो जाता था। अब शासन-प्रशासन ने यहां निःशुल्क डायलिसिस सुविधा की राहत दी है। एक अन्य मरीज के परिजनों ने बताया कि पहले डायलिसिस को कानपुर जाते थे। जहां फीस के साथ आने-जाने का खर्च ही पांच से छह हजार तक हो जाता था। यहां निःशुल्क डायलिसिस से उन्हें काफी लाभ मिला है।
जिला अस्पताल में मेजर ऑपरेशन श्रेणी में जनरल एवं स्पाइनल एनेस्थेसिया से संबंधित काफी मरीजों को इलाज का लाभ मिला। जिसमें ऑर्थो, जनरल तथा ईएनटी यानी कान, नाक और गला संबंधी सर्जरी शामिल हैं। एसएनसीयू यूनिट में उन नवजात बच्चों की विशेष देखभाल की जाती है जो बीमार हो जाते हैं या जन्म के समय बीमार पड़ जाते हैं। जिला चिकित्सालय में स्थापित इस यूनिट से प्रत्येक माह 50-60 से ज्यादा बच्चों को विशेष नवजात शिशु देखभाल यूनिट में भर्ती किया जाता है। उन्हें चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की देखरेख में सफल चिकित्सा मुहैया कराई जाती है। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय में दूर-दराज से मरीज आते हैं। मरीजो को किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके लिए सभी डॉक्टरों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी मरीजों का समुचित इलाज किया जाए। सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में खून की सारी जांच, डिजिटल एक्सरे, स्कैन, डायलसिस की सुविधा उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय में एमआरआई की सुविधा नहीं है। उसके लिए प्रयास जारी हैं, ताकि बुंदेलखंड के सबसे पिछड़े जिले में जनता को एमआरआई का भी लाभ मिल सके।

# पुलिस ने जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचे सात जुआरी

## 18 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा की टीम ने ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा ने रामप्रकाश पटेल पुत्र कटारे प्रसाद, प्रेमबाबू पटेल पुत्र शम्भू प्रसाद निवासी भानपुर, राम प्रकाश यादव पुत्र बाबूलाल निवासी बरगदहा, सुनील उर्फ छोटू पुत्र रामकरन निवासी सेमरिया जगन्नाथवासी, रामनरेश गुप्ता पुत्र रामसजीवन




निवासी खोही, कुलदीप यादव पुत्र लक्ष्मण, मिथलेश पुत्र बाबूलाल निवासी बरगदहा थाना कोतवाली कर्वी को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 3980 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी में 1120 रुपये बरामद किये। अभियुक्तों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा, सिपाही रविन्द्र कुमार, राहुल वर्मा, शिवम मिश्रा, अतुल परिहार शामिल रहे। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने प्रेमचन्द्र पुत्र चंदुवा निवासी दरसेडा के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत दबोचा है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियन के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही बब्बू राजा, महिला सिपाही प्रजापति शामिल रहे।

# बाढ़ की तैयारी को एनडीआरएफ टीम ने जिले में डाला डेरा, डीएम से की वार्ता

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** डीआईजी मनोज कुमार शर्मा के निर्देश में 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी से आई टीम ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से वातार्लाप कर जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी ली। अपर जिलाधिकारी के सहयोग से जिले की मुख्य नदी यमुना व मंदाकिनी के मुख्य घाटों व निचले स्तर पर बसे गांव के निरीक्षण का प्लान तैयार किया।
मंगलवार को जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ क्षेत्र में बसे गांवों एवं ग्रामीणों




को आपदा से बचाने के उपाय बताए। ग्रीष्म ऋतु में अग्निकांड से होने वाली घटनाओं की रोकथाम को जनमानस की सुरक्षा को बचाव कैसे किया जाए। इसका डेमो दिखाने का कार्य किया जा रहा है। आपदा मोचन बल ने नदियों का जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ से बचाव की बाबत जानकारी दी जा रही है। आगामी संभावित बाढ़ के मद्देनजर एरिया रेकी का कार्य किया जा रहा है। 21 सदस्यीय टीम की अगुवाई निरीक्षक रितेश कुमार कर रहे हैं। जिले से आपदा विशेषज्ञ राहुल कुमार टीम का सहयोग कर रहे हैं।

### एक वांछित समेत तीन वारंटी पुलिस ने दबोचे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटियों को दबोचा है।
मंगलवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीरप्रताप सिंह की टीम ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित रोहित पुत्र मुन्ना निवासी बाल्मीकि नगर पूर्वी को गिरफ्तार किया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह, सिपाही विमलेश व महिला सिपाही अंशू सैनी शामिल रही।
इसी क्रम में राजापुर थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में वारण्टी सुनील वर्मा उर्फ जेलर पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी धोबीगंज कस्बा राजापुर को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही धीरेन्द्र यादव शामिल रहे।
मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर की टीम ने आर्म्स एक्ट के वारंटी रामू द्विवेदी उर्फ शशि पुत्र राजकुमार निवासी खपटिहा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा विजय बहादुर, सिपाही रामबालक शामिल रहे।
सरधुवा थाने के दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने जालसाजी के वारंटी गौरीशंकर पुत्र भूरा प्रसाद निवासी भानपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही दिनेश कुमार शामिल रहे।

### गांवों में घर में ही होगी गेहूं खरीद: अविनाश कुमार झा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि गेहूं खरीद के तहत सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू है। जिले में किसानों से सीधे गेहूं खरीद करने को 39 गेहूं क्रय केन्द्र खोले गये हैं। सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेचने को किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण खाद्य विभाग की वेबसाइट पर कराया जा रहा है।
मंगलवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि गेहूं क्रय की बाबत किसानों की समस्या समाधान को जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में गेहूं खरीद कन्ट्रोल रूम खोला गया है। जिसका मोबाइल नम्बर 8707219558 है। इस नम्बर पर किसान भाई कार्यालय समय में गेहूं विक्रय संबंधी समस्या/शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शासन ने मोबाइल क्रय केन्द्रों से किसान भाई अपने घर से गेहूं बेच सकते हैं। क्रय केन्द्र प्रभारी ने प्रधानों, उचित दर विक्रेताओं एवं किसानों से सम्पर्क करते हुए एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूं की उपलब्धता होने की स्थिति में मोबाइल क्रय से खरीद करायी जाएगी। प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी, सचिव तथा राजस्व के कर्मचारियों तथा लेखपाल, कृषि विभाग व मण्डी परिषद के कर्मचारी आदि के सहयोग से किसानों को राजकीय क्रय केन्द्रों/मोबाइल क्रय केन्द्रों पर गेहूं बिक्री को प्रेरित किया जाएगा।
जिन गांवो से किसान भाई अपना गेहूं बेचने को इच्छुक हैं, उनको गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय केन्द्र से खरीद की तिथि से प्रधान एवं सम्बन्धित उचित दर विक्रेता को सूचित करेंगे। प्रधान व उचित दर विक्रेता गांव में स्थित किसानों को मोबाइल टीम के आने की सूचना पहले से देंगे।

### भाजपा से टिकट न मिलने से बागी ने दाखिल किया नामांकन



**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर में भाजपा पदाधिकारी/मनोनीत सभासद रही गायत्री कोल को नगर पंचायत अध्यक्ष पद का टिकट न मिलने से उनका दर्द बाहर आने लगा। सभासद ने पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि गांव की रहने वाली महिला को नगर पंचायत अध्यक्ष पद का टिकट नहीं दिया।
मंगलवार को नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया कल खत्म हो गई है। कुल 13 अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। निर्दलीय उम्मीदवार भाजपा के टिकट वितरण से नाराज पूर्व जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा/जिला महामंत्री महिला मोर्चा ने पार्टी से बगावती तेवर अख्तियार करते हुए पर्चा दाखिल किया है। सब्र का बांध तोड़ते हुए भाजपा पर खूब बरसी।
उन्होंने कहा कि पार्टी ने ऐसे उम्मीदवार को टिकट दिया है जो नगर क्षेत्र की न होकर सरहट गांव की है। पार्टी ने मनमानी ढंग से टिकट वितरण किया है। जनता उसे विजयी बनाएगी। जनता में इस चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। जनता उनको ही जीत का ताज पहनायेगी।

# विदेश संदेश

## गिरफ्तार बलूच महिला को प्रचार का हथियार बना कर खुद फंसी पाकिस्तान पुलिस

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान में गिरफ्तार महिलाओं के साथ पुलिस हिरासत में किए जा रहे सलूक से पाकिस्तान में पुलिस के तौर-तरीकों पर गंभीर सवाल उठे हैं। आरोप है कि पुलिस महिलाओं को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें बार-बार मीडिया के सामने लाकर उनका इस्तेमाल प्रचार के लिए कर रही है। इस मामले में माहिल बलोच नाम की एक महिला का मामला खासा चर्चित हुआ है। पुलिस हिरासत में होने के बावजूद माहिल को बार-बार मीडिया के सामने लाकर इकबालिया बयान दिलवाया गया है। 27 साल की माहिल दो बच्चों की सिंगल मदर है। वह बलूचिस्तान के केच इलाके की रहने वाली है। बलूचिस्तान के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने उसे पिछले महीने गिरफ्तार किया था। अधिकारियों का आरोप है कि माहिल प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) की सदस्य है और वह एक फिदायीन हमले की तैयारियों में जुटी हुई थी। माहिल का हाल में कई मीडिया संस्थानों ने इंटरव्यू लिया है। पुलिस हिरासत में रहते हुए दिए गए ये इंटरव्यू ही अब विवाद का मुद्दा बन गए हैं। बलूच कार्यकर्ताओं ने इसके खिलाफ सोशल मीडिया पर अभियान छेड़ दिया है। उन्होंने इसे मीडिया ट्रायल यानी मीडिया के जरिए मुकदमा चलाने की कोशिश बताया है। इस सिलसिले में पाकिस्तान के अखबार डॉन ने बलूच कार्यकर्ताओं, कुछ सांसदों और मानव अधिकार कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन सबने माहिल को टीवी पर लाकर इंटरव्यू दिलवाने के लिए पुलिस की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके जरिए खास कर महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं को नकारात्मक संदेश देने की कोशिश की जा रही है। बलूचिस्तान में कथित पुलिस अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों में महिला कार्यकर्ताओं की खास भूमिका रही है।

## राष्ट्रपति जिनपिंग बोले- दुनिया के देशों के साथ संबंध मजबूत करना चाहता है चीन, राजदूतों की भूमिका अहम

**बलूचिस्तान।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 70 देशों के राजदूतों से उनके क्रेडेंशियल लिए, जिन देशों के राजदूतों से क्रेडेंशियल लिए गए, उनमें भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और अमेरिका के राजदूत रॉबर्ट निकोलस बर्न्स भी शामिल थे। बता दें कि चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में जारी तनाव के बाद ही रावत की चीन में बतौर भारतीय राजदूत नियुक्ति की गई थी।

**क्या बोले शी जिनपिंग**

राजदूतों से मुलाकात कार्यक्रम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने संबोधन में कहा कि 'चीन दुनिया के देशों के साथ अपने संबंध मजबूत करने के लिए तैयार है और यह संबंध समानता और आपसी फायदे पर आधारित होंगे। जिनपिंग ने कार्यक्रम में मौजूद राजदूतों से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सभी राजदूत चीन को गहराई से समझेंगे और आपसी सहयोग और दोस्ती के पुल के रूप में काम करेंगे।' चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार सभी राजदूतों को उनकी जिम्मेदारी निभाने में मदद करेगी। बीते तीन सालों में चीन ने कोरोना के खिलाफ लडाई में लंबी दूरी तय की है और इस प्रक्रिया में चीन को कई देशों से मदद भी मिली। उन्होंने कहा कि चीन एक आधुनिक समाजवादी देश के निर्माण की राह पर है और आधुनिकीकरण के लिए राष्ट्रीय कायाकल्प को बढ़ावा दे रहा है।

**कौन हैं प्रदीप रावत**

प्रदीप रावत 1990 बैच के विदेश सेवा के अधिकारी हैं। रावत से पहले, विक्रम मिसरी चीन में भारत के राजदूत थे। रावत इससे पहले नीदरलैंड्स में भारत के राजदूत का पद संभाल रहे थे लेकिन मार्च 2022 में उन्हें चीन का राजदूत बनाया गया। रावत धारा प्रवाह मंदारिन भाषा बोल सकते हैं और इससे पहले भी चीन और हॉग-कॉन्ग में बतौर भारतीय राजदूत अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## काठमांडू में टेकऑफ के बाद विमान के इंजन में लगी आग, हादसे के बावजूद दुबई सुरक्षित पहुंची फ्लाइट

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट में सोमवार रात फ्लाई दुबई के एक विमान में टेकऑफ के तुरंत बाद खराबी आ गई। विमान के दाएं इंजन में खराबी आने से आग लग गई। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि की ।करीब 150 लोगों के साथ इस विमान ने रात नौ बजकर 21 मिनट पर उड़ान भरी। चार मिनट बाद इसके एक इंजन में लपटें दिखीं। विमान में धमाका भी सुना गया। यह दावा किया गया है कि आवाज एक पक्षी के टकराने से आई। विमान कुछ देर आसमान में चक्कर लगाता रहा और दुबई की ओर प्रस्थान कर गया । आग लगने से विमान का एक इंजन फेल हो गया, लेकिन चालक ने यात्रा जारी रखी।नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा है कि विमान की दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग हो गई।

# एस. जयशंकर की पाकिस्तान को फटकार, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश से नहीं जुड़ सकते

**पनामा सिटी।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि हम ऐसे देश से नहीं जुड़ सकते, जो आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

अपनी पनामा यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारे लिए एक ऐसे पड़ोसी के साथ जुड़ना बहुत मुश्किल है, जो हमारे खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है।

भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान को अपने वादे पर कायम होना पड़ेगा और सीमा पार बढ़ते आतंकवाद को खत्म करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक दिन यह मुकाम भी हासिल होगा। पनामा के साथ रिश्तों पर



जयशंकर ने कहा कि उनकी पनामा यात्रा के दौरान भारत और पनामा के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। साथ ही भारतीय फार्मास्यूटिकल्स को पनामा में स्थापित कराने को लेकर भी बातचीत हुई। पिछले तीन वर्षों में भारतीय फार्मेसी ने दुनिया में एक बदलाव किया है। कोरोना महामारी के दौरान में हमने अधिकांश विकसित देशों को दवाइयों की आपूर्ति की।

पनामा की विदेश मंत्री जनैना गोब के साथ पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारत और पनामा के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि राजनीतिक रूप से पनामा में होना बहुत खुशी की बात है, क्योंकि भारत और पनामा पारंपरिक रूप से मजबूत करीबी दोस्त रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और पनामा लोकतंत्र, बाजार, अर्थव्यवस्था और बहुलवादी समाजों की विशेषताओं को साझा करते हैं। हमारा विश्व दृष्टिकोण भी बहुत समान है।

## नेपाल में चितवन-2 सीट के उपचुनाव में रवि लामिछाने जीते

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने प्रतिनिधि सभा के चितवन-2 सीट के उपचुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार जीत नारायण श्रेष्ठ को 43 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से हराया। लामिछाने को कुल 69 फीसदी मत मिले।



लामिछाने पिछले साल 20 नवंबर को हुए प्रतिनिधि सभा के चुनाव में भी जीते थे। इस बार उन्हें पिछले चुनाव से ज्यादा मत मिले हैं। नागरिकता मामले में सुप्रीम कोर्ट के दोषी ठहराए जाने के बाद लामिछाने की संसद सदस्यता खत्म हो गई थी। इसके चलते इस सीट पर उपचुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान हुआ था। चुनाव के नतीजों से दोनों ही मुख्य पार्टियों नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) को तगड़ा झटका लगा है। दोनों दलों को पिछले साल हुए चुनाव की तुलना में इस बार बहुत कम मत मिले हैं।

# पाकिस्तान में थाने के भीतर दो विस्फोट, 23 सुरक्षाकर्मी मारे गए, 45 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में आंतकवादरोधी विभाग के थाने में हुए दो विस्फोटों में 23 सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। घटना में 45 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक स्वात जिले के कबाल स्थित आतंकवादरोधी विभाग के पुलिस थाने में आत्मघाती आतंकी हमला हुआ।थाने के अंदर दो धमाके हुए, जिस कारण थाने की छत उड़ गई और इमारत का एक हिस्सा तो गिर कर समतल सा हो गया। इसी परिसर में कबाल सिटी पुलिस स्टेशन और एक रिजर्व पुलिस बल का मुख्यालय भी है। घटना में 23 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। 45 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें कई गंभीर हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि लक्की मरवत जिले में एक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया गया था। इस अभियान में तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी मारे



गए थे। इसके कुछ घंटों बाद यह विस्फोट हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अताउल्लाह खान ने कहा कि आतंकवाद रोधी पुलिस भवन का एक हिस्सा ढह गया और बचाव कर्मियों ने शवों और घायलों को निकाला। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना की निंदा की और मृतकों के प्रति शोक जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घटना की रिपोर्ट मांगी है।

# अमेरिकी सांसद का बयान, पाकिस्तान को नहीं, चीन को बड़ी सैन्य चुनौती मानते हैं भारतीय

**कैलिफोर्निया।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना का मानना है कि भारतीय लोग पाकिस्तान को नहीं, बल्कि चीन को सबसे बड़ी सैन्य चुनौती मानते हैं। कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूट में विदेश नीति पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अमेरिका को चीन के साथ अपने रिश्तों को फिर से संतुलित करने की जरूरत है।

रो खन्ना ने कहा कि चीन से अमेरिका के संतुलित रिश्तों से अमेरिका और और एशिया में अमेरिकी सहयोगियों को मिल रही चुनौती को लेकर स्पष्टता आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिकी कूटनीति और नेतृत्व की बदौलत 21वीं सदी, 20वीं सदी की तुलना में कम हिंसाग्रस्त होगी। उन्होंने कहा कि चीन एशिया में आधिपत्य जमा



रो खन्ना ने कहा कि चीन से अमेरिका के संतुलित रिश्तों से अमेरिका और और एशिया में अमेरिकी सहयोगियों को मिल रही चुनौती को लेकर स्पष्टता आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिकी कूटनीति और नेतृत्व की बदौलत 21वीं सदी, 20वीं सदी की तुलना में कम हिंसाग्रस्त होगी।

रहा है और सीमा विवाद को लेकर भारत को धमका रहा है तो अन्य देशों के साथ भी जूनियर सहयोगियों जैसा व्यवहार कर रहा है। अमेरिका को भारत और अन्य एशियाई सहयोगी देशों के साथ संबंध मजबूत करने की जरूरत है।

# रंग लाई अमेरिकी कोशिश, 427 लोगों की मौत के बाद सूडान में 72 घंटे का संघर्ष विराम

**खार्तूम (सूडान)।** हिंसाग्रस्त सूडान में संघर्ष विराम की अमेरिकी कोशिश रंग लाई है। दो दिन तक चली बातचीत के बाद संघर्षरत दोनों पक्ष 72 घंटे के संघर्ष विराम पर सहमत हो गए। 24 अप्रैल की आधीरात से शुरू यह संघर्ष विराम अगले 72 घंटे चलेगा। हिंसा में यहां 427 लोगों की मौत हो चुकी है और 3700 से अधिक घायल हुए हैं।

सूडान में सूडानी सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच चल रहा भीषण संघर्ष पूरी दुनिया के लिए चुनौती बन गया है। ईद पर रैपिड सपोर्ट फोर्स ने संघर्ष विराम का ऐलान किया था, किन्तु तब वह प्रभावी नहीं हो सका था। इसके बाद अमेरिका ने



दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम कराने की कोशिश शुरू की।0

अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने बताया कि 48 घंटे की लंबी बातचीत के बाद सूडानी सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्स राष्ट्रव्यापी संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गए। यह संघर्ष विराम 24 अप्रैल की आधीरात से शुरू होकर अगले 72 घंटे तक चलेगा।

इस बीच सूडान के हालात गंभीर बने हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार सूडान में हुई हिंसा में अब तक 427 लोगों की मौत हो चुकी है और 3700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में खार्तूम में मौजूद इजिप्ट के दूतावास के एक अधिकारी भी शामिल हैं।

अभी तक सूडान से विभिन्न देशों के चार हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला जा सका है। सूडान के निवासी भी बड़ी संख्या में चाड, इजिप्ट और दक्षिण सूडान पलायन कर गए हैं। लोगों को पानी, खाने और दवाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## 'पाकिस्तान नहीं चीन को सबसे बड़ी सैन्य चुनौती मानते हैं भारतीय', अमेरिकी सांसद ने बताई वजह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के भारतीय मूल के सांसद रो खन्ना ने कहा है कि भारतीय अब पाकिस्तान को नहीं बल्कि चीन को सबसे बड़ी सैन्य चुनौती मानते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को चीन के साथ अपने रिश्तों को फिर से संतुलित करने की जरूरत है। बता दें कि मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई भिड़ंत के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बना हुआ है। भारत और चीन 17 राउंड की शीर्ष कमांडर स्तर की बातचीत कर चुके हैं लेकिन अभी भी दोनों देशों में तनाव बना हुआ है। भारत साफ कर चुका है कि जब तक सीमा पर शांति नहीं होगी, तब तक दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हो सकेंगे।

**क्या बोले अमेरिकी सांसद**

प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूट में विदेश नीति पर दिए अपने संबोधन में रो खन्ना ने कहा कि 'आज हमें चीन के साथ अपने रिश्तों को फिर से संतुलित करने की जरूरत है। इससे हमें और एशिया में हमारे सहयोगियों को मिल रही चुनौती को लेकर स्पष्टता आएगी। हम उम्मीद करते हैं कि हमारी कूटनीति और नेतृत्व की बदौलत 21वीं सदी, 20वीं सदी की तुलना में कम हिंसाग्रस्त होगी।'

# लद्दाख में भारत से जारी तनाव को लेकर चीनी रक्षा मंत्रालय का अहम बयान, विवाद सुलझाने पर कही ये बात

**बीजिंग ।** भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख से संबंधित शेष मुद्दों के समाधान को लेकर सैन्य स्तर की वार्ता के दौरान गहन चर्चा हुई। इस दौरान दोनों पक्ष अहम मुद्दों पर मिलकर काम करने को लेकर सहमत हो गए हैं। चीन के रक्षा मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया है कि भारत और चीन के शीर्ष सैन्य की वार्ता हुई थी। यह बैठक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा



(एलएसी) पर चीनी क्षेत्र की ओर स्थित चुशुल-मोल्डो सीमा केंद्र पर हुई। चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू की प्रस्तावित भारत यात्रा से पहले यह बैठक हुई है जो शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्री स्तर की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने यहां आएंगे। यह बैठक भारत की अध्यक्षता में हो रही है।

**दोनों पक्ष अपने-अपने विचारों पर स्पष्ट**

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच प्रासंगिक मुद्दों पर विचारों का स्पष्ट आदान-प्रदान हुआ है। दोनों पक्षों ने सैन्य एवं राजनयिक चैनलों के माध्यम से निकट संपर्क और संवाद बनाए रखने और शेष मुद्दों के परस्पर स्वीकार्य समाधान पर काम करने को लेकर सहमत जताई है।

**सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर भी सहमत**

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में मीडिया को बताया था कि दोनों पक्ष पश्चिमी सेक्टर में जमीनी स्तर पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर भी सहमत हुए हैं। दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में एलएसी से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों के समाधान पर खुलकर और गहन चर्चा की ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता कायम रखी जा सके जिससे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति सुगम हो सके।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# जापान में मध्यावधि चुनाव की आहट, जी-7 शिखर सम्मेलन के बाद भंग हो सकती है संसद

**टोक्यो।** जापान में सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में संसद के निचले सदन डियेट का मध्यावधि चुनाव कराने पर गंभीरता से विचार शुरू हो गया है। देश में आए पांच उप चुनाव नतीजों में पार्टी को बड़ी सफलता मिलने के बाद पार्टी नेतृत्व ने तुरंत से फिर से जनादेश हासिल करने पर विचार शुरू कर दिया। पांच सीटों के उप चुनाव नतीजे आए, जिनमें से चार में एलडीपी को जीत मिली।

जापानी मीडिया में चर्चा है कि इस वर्ष मई में जी-7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा डियेट भंग करने की सिफारिश कर देंगे। जी-7 देशों का शिखर सम्मेलन जापान के हिरोशिमा में होने वाला है। फिलहाल डियेट का सत्र चल रहा है, जो 21 जून तक चलेगा। लेकिन पर्यवेक्षकों के मुताबिक इसी सत्र के दौरान सदन के भंग




होने की ज्यादा संभावना है। पिछले साल के आखिर में किशिदा की एप्रूवल रेटिंग (उनके काम से संतुष्ट लोगों की संख्या) काफी गिर गई थी। तब सिर्फ 35 फीसदी लोग उनके काम से संतुष्टि जता रहे थे। लेकिन मार्च में एप्रूवल रेटिंग 48 फीसदी हो गई। समझा जाता है कि किशिदा की यूक्रेन यात्रा को देश में काफी पसंद किया गया, जिसका सियासी लाभ प्रधानमंत्री को मिला है। इसके अलावा देश में जन्म दर बढ़ाने के लिए उनकी सरकार ने जो ठोस उपाय किए हैं, उन्हें भी देश में काफी पसंद किया गया है। जापान में आबादी घटने की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। कुछ विश्लेषकों ने कहा है कि हालांकि अगर उप चुनाव में जीती गई सीटों की संख्या से एलडीपी को बड़ी सफलता मिलने का संकेत मिलता है, लेकिन अगर नतीजों पर बारीक नजर डाली जाए, तो साफ होता है कि जीतने के लिए एलडीपी को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दो सीटों पर जीत का अंतर बहुत कम रहा। उप चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद एलडीपी के महासचिव तोशिमित्सु मोतेगी ने टीवी चैनल एनएचके से कहा- 'ओसाका और कुछ दूसरी जगहों पर ये उप चुनाव स्थानीय चुनावों के साथ हुए। इनमें हमें कड़ा संघर्ष करना पड़ा। अब हमें अपने संगठन को मजबूत करना होगा और अपनी चुनाव तैयारियों की गंभीरता से समीक्षा करनी होगी।' मध्यावधि चुनाव की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा- 'हमें समस्याओं का मुकाबला कर और अच्छे नतीजे देकर जन अपेक्षाओं का सामना करना ही होगा।' प्रधानमंत्री किशिदा ने मध्यावधि चुनाव कराने के बारे में कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उनसे इस बारे में सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा- 'हम अपनी ठोस नीतियों को आगे बढ़ाएंगे और अच्छे नतीजे देंगे। हमारे सामने फिलहाल यही काम है।' पर्यवेक्षकों का कहना है कि किशिदा फिलहाल मध्यावधि चुनाव के विकल्प को खुला रखना चाहते हैं। अगर उन्हें स्थितियां अनुकूल महसूस नहीं हुईं, तो मुमकिन है कि चुनाव कराने के लिए वे अगले साल के आरंभ तक इंतजार करें। पर्यवेक्षकों के मुताबिक किशिदा की नजर अगले साल होने वाले एलडीपी अध्यक्ष पद के चुनाव पर भी है। अगर वे उससे पहले चुनाव करवा कर पार्टी को विजयी बना देते हैं, तो उनके अध्यक्ष बनने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

## राजस्थान से निर्यात लगभग 80 हजार करोड़ रुपयों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**जयपुर।** एक्सपोर्ट ग्रोथ एवं फ्यूचर स्ट्रेटजी ऑफ राजस्थानह्य पर चर्चा के लिए मंगलवार शाम को जयपुर के एक निजी होटल में राज्य के प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संगठन और उद्योगपति जुटे। आरईपीसी एवं राजसीको के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह बेहद प्रसन्नता की बात है कि वर्ष 2022-2023 में राजस्थान से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसा अनुमान है कि इस दौरान राजस्थान से लगभग 80 हजार करोड़ रुपयों का रिकॉर्ड स्तर पर निर्यात हुआ है। राजस्थान में निर्यात क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य से निर्यात संभावनाओं पर मंथन करने और वृद्धि करने को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा मार्केटिंग करने के उद्देश्य से जयपुर एवं विदेश में जैसे मॉरीशस में एग्जीबिशंस आयोजित करने के लिए एक्सपोर्टर्स से विचार विमर्श किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संगठनों जैसे फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की), कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), सीतापुरा स्पेशल इकोनॉमिक जोन (सीतापुरा सेज), महेन्द्रा वर्ल्ड सिटी सेज, एसोचेम, पीएचडीसीसीआई, फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी), फेडरेशन ऑफ राजस्थान एक्सपोर्टर्स (फोरे), राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स एसोसियेशन (आरटीएमए), आदि के अध्यक्ष, सदस्य एवं उद्योगपतियों ने भाग लिया और राजस्थान से निर्यात में वृद्धि करने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए।